

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 171

ग्वालियर, मंगलवार, 10 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## वन-टू-वन

### अयोध्या में श्रीराम द्वार के बाद बनाया जाएगा इमाम हुसैन द्वार

**अयोध्या (ए)।** राम नगरी अयोध्या में जहां एक ओर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से जारी वहीं दूसरी ओर अयोध्या में आने वाले पर्यटकों को गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल भी देखने को मिलने वाली है। अयोध्या में श्रीराम द्वार के साथ ही इमाम हुसैन के नाम पर प्रवेश द्वार बनाने का नगर निगम ने निर्णय लिया है। नगर निगम क्षेत्र के राठहवेली जाने वाले मार्ग पर हजरत इमाम हुसैन के नाम से हुसैनी प्रवेश द्वार बनाया जाएगा, जिसके लिए प्रस्ताव अयोध्या नगर निगम में पास हो चुका है। बताया जा रहा है कि नगर निगम द्वारा इस योजना पर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। जिसके बाद इस हुसैन प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शुरु हो पाएगा। अयोध्या में हुसैनी प्रवेश द्वार के बनने पर स्थानीय लोगों ने भी खुशी जताई है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस द्वार के बनने से हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को मजबूती मिलेगी।

### कोविड से निपटने में सरकार ने किया बेहतर कार्य, विपक्ष रहा गैर-जिम्मेदार : नड्डा

**आगरा (ए)।** कोविड टीकाकरण को लेकर विपक्ष सरकार पर लगातार सवाल उठा रहा है। विपक्ष के रवैये को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पलटवार किया और कहा कि सरकार ने कोविड-19 संकट से बेहतर तरीके से निपटना सुनिश्चित किया जबकि विपक्ष ने गैर-जिम्मदाराना रवैया अपनाया और टीकाकरण अभियान को लेकर आधारहीन आरोप लगाए। नड्डा ने कोविड-19 संकट से निपटने को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार के कार्यों की सराहना की। उत्तर प्रदेश दौरे के दूसरे दिन नड्डा ने आगरा में पार्टी संगठन की एक बैठक में हिस्सा लिया और इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अब तक हमने टीके की 50 करोड़ खुराक दी हैं जबकि दिसंबर के अंत तक हम देश के 135 करोड़ लोगों का टीकाकरण करेंगे। यह विश्व का सबसे बड़ा और तेज टीकाकरण अभियान है। बैठक के दौरान नड्डा ने कहा कि सरकार ने कोविड संकट से निपटने के लिए बेहतर कार्य किया जबकि विपक्ष ने गैर-जिम्मेदाराना रवैया अपनाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कुछ नेताओं ने तो टीके के बारे में बेबुनियाद आरोप लगाए और इसे भाजपा का टीका तक बता दिया।

### यूपी और मणिपुर में बीजेपी को चुनौती देने की तैयारी में जेडीयू अकेले लड़ सकती है चुनाव

**नई दिल्ली (ए)।** बिहार में बीजेपी के साथ सरकार चला रही जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी की प्रमुखता उत्तर प्रदेश और मणिपुर विधानसभा चुनावों में बीजेपी के साथ गठबंधन कर के लड़ना है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अगर गठबंधन नहीं हो पाता है तो जेडीयू इन राज्यों में अकेले चुनाव लड़ेगी। %जेडीयू उत्तर प्रदेश और मणिपुर चुनाव लड़ेगी। हमारी पहली प्रमुखता बीजेपी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने की होगी। अगर कोई गठबंधन नहीं हुआ तो हम अकेले चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि जेडीयू ने साल 2017 में हुआ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था। अगले साल उत्तर प्रदेश और मणिपुर में विधानसभा चुनाव होने हैं। त्यागी का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष और पार्टी सांसद राजीव रंजन सिंह ने एक दिन पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी पार्टी बिना गठबंधन पर निर्भर रहे अकेले चुनाव लड़ने में सक्षम है।

## ओलिंपिक के सूरमाओं का सम्मान

# नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल दिखाते हुए कहा- उसी दिन से इसे जेब में रखकर घूम रहा हूं, ये मेरा नहीं, पूरे देश का है

**नई दिल्ली**

*टोक्यो ओलिंपिक मेडलिस्ट सभी खिलाड़ी देश लौट चुके हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर नीरज चोपड़ा, रवि दहिया, बजरंग पूनिया, लवलिना बोरगोहेन और पुरुष हॉकी टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद इन सभी एथलीट्स को दिल्ली के ही अशोका होटल में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, खेल राज्य मंत्री निशीथ प्रामाणिक और इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (IOA) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा मौजूद रहे।*

*एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने मंच पर आकर पहले अपना मेडल दिखाया। उन्होंने कहा- ये मेरा नहीं पूरे देश का मेडल है। जिस दिन से मेडल आया है ना खा पाया हूं, ना सो पाया हूं। जब भी मेडल देखता हूं, तो लगता है सब ठीक है। उस दिन से ही मैं अपना मेडल जेब में रखकर घूम रहा हूं। समर्थन के लिए सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। गोल्ड मेडल जीतना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा पल है।*

### थ्रो और बालों को लेकर भी बोले नीरज चोपड़ा

नीरज ने थ्रो को लेकर कहा- थ्रो से पहले मैंने सोच रखा था कि अपना 100त्न देना है और किसी से घबराना नहीं है। सभी युवाओं से यही कहूंगा कि किसी से डरो नहीं। पहले थ्रो के बाद ही मुझे लगा कि ये मेरा पर्सनल बेस्ट थ्रो (88 मीटर) है, पर वह उससे थोड़ा कम (87.58 मीटर) रहा। बालों के सवाल पर नीरज ने कहा कि 10 साल की उम्र से बड़े बाल रख रहा हूं, लेकिन 2-3 टूर्नामेंट में ये परेशान करने लगे। इसके बाद बाल छोटे करा लिए।

### बजरंग ने बिना नी-कैप के लास्ट बाउट खेला

बजरंग पूनिया ने कहा कि मैंने ब्रॉन्ज मेडल मैच का लास्ट बाउट बिना नी-कैप के खेला। मुझे लगा कि अगर चोट भी लगती है तो कोई बात नहीं, अगले दिन रेस्ट ले लूंगा। मैं जानता था कि ये आखिरी बाउट मेरी जिंदगी बदल सकता है। मैंने अपने दिल की सुनी। वहीं लवलिना ने कहा कि मैं पेरिस ओलिंपिक 2024 में देश के लिए गोल्ड जीतने की कोशिश करूंगी।




### खेल मंत्री ने न्यू हीरोज को थैंक यू कहा

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा- ये शाम ओलिंपिक में भारत का नाम बढ़ाने वाले खिलाड़ियों की शाम है। मैं सभी पदक विजेताओं को 135 करोड़ लोगों की तरफ से बधाई देता हूं। नीरज चोपड़ा आपने मेडल ही नहीं दिल भी जीता है। आप सभी एथलीट्स न्यू इंडिया के न्यू हीरोज हैं। हमारे खिलाड़ियों का अगले ओलिंपिक में और बेहतर प्रदर्शन होगा। हम आपके के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हर चीजें आपको बेहतर से बेहतर मुहैया कराएंगे।

### किरण रिजिजू ने भी धन्यवाद दिया

ओलिंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल कार्यक्रम है। यह हमारे लिए गौरवपूर्ण क्षण है। मैं करोड़ों भारतीयों की तरफ से आप सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन करता हूं।

### भारत के लिए अब तक का सबसे सफल ओलिंपिक

टोक्यो ओलिंपिक में इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने 7 मेडल जीते, जो अब तक के सबसे ज्यादा मेडल हैं। इससे पहले 2012 लंदन ओलिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 6 मेडल जीते थे। पहली बार ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में नीरज ने भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता है। जबकि मीराबाई चानू ने वेटलिफ्टिंग में और रवि दहिया ने 57 किलो वेट में कुश्ती के फ्री स्टाइल में सिल्वर मेडल जीता। वहीं भारतीय पुरुष हॉकी टीम, कुश्ती के फ्री स्टाइल के 65 किलो वेट में बजरंग पूनिया, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और बॉक्सिंग में लवलिना बोरगोहेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### अमेरिका मेडल्स टैली में टॉप पर रहा, चीन दूसरे नंबर पर

टोक्यो में करीब 11 हजार एथलीट्स ने 339 इवेंट्स में हिस्सा लिया। भारत इस ओलिंपिक में 7 मेडल के साथ 48वें स्थान पर रहा, जो उसका ओलिंपिक इतिहास में सबसे शानदार प्रदर्शन है। अलग-अलग इवेंट में कुल 340 गोल्ड मेडल, 338 सिल्वर और 402 ब्रॉन्ज खिलाड़ियों ने जीते। टोक्यो ओलिंपिक 2020 में अमेरिका ने 39 गोल्ड, 41 सिल्वर और 33 ब्रॉन्ज समेत कुल 113 मेडल अपने नाम किए। जबकि चीन ने 38 गोल्ड, 32 सिल्वर और 18 ब्रॉन्ज सहित कुल 88 मेडल हासिल किए।

पेगासस पर संसद में सरकार का जवाब

# डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा- स्पायवेयर बनाने वाली इजराइली फर्म से कोई लेनदेन नहीं हुआ

### डील पर विपक्ष पूछ रहा था सवाल

**नई दिल्ली**

पेगासस जासूसी विवाद के बीच रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को संसद में कहा कि स्पायवेयर बेचने वाले इजराइली ग्रुप हस्ह के साथ उसका कोई लेनदेन नहीं है। भारत सहित कई देशों में लोगों के फोन की निगरानी के लिए इस ग्रुप के पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल होने के आरोप लग रहे थे।

रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मंत्रालय का हस्ह ग्रुप टेक्नोलॉजीज के साथ कोई ट्रांजैक्शन नहीं हुआ है। उनसे पूछा गया था कि क्या सरकार ने इस ग्रुप के साथ कोई लेनदेन किया है। 19 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से ही विपक्षी दल लगातार इस मसले पर सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहे थे।



इससे पहले ढ्ढञ्ज मिनिस्टर अश्विनी वैष्णव ने उन मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल भारतीयों की जासूसी करने में किया गया है। उनका कहना था कि संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले लगाए गए आरोपों का मकसद भारतीय लोकतंत्र की छवि को नुकसान पहुंचाना है।

### विपक्ष के अलावा पार्टी से भी उठी जांच की मांग

विपक्ष ने इस मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा कर रखा है। भाजपा के ही राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा था कि यह बिल्कुल साफ है कि पेगासस स्पायवेयर एक कॉमर्शियल कंपनी है, जो पेड कॉन्ट्रैक्ट्स पर काम करती है। इसलिए यह सवाल लाजमी है कि ऑपरेशन के लिए उसे पैसे किसने दिए? भारत सरकार नहीं तो कौन? भारत की जनता को सच्चाई से वाकिफ कराना मोदी सरकार का फर्ज है।

इसके बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि पेगासस एक प्रोडक्ट है, हस्ह इजराइल की कॉमर्शियल कंपनी है। आपके पसंदीदा देशों में से एक। आप इकलौते व्यक्ति हैं, जो मोदी-शाह और हस्ह से वो फैक्ट निकाल सकते हैं, जो आप जानना चाहते हैं। उन्हें किसने भुगतान किया? यह सवाल लाजमी है।

## समंदर हमारी साझा धरोहर

# समुद्री सुरक्षा और कनेक्टिविटी के लिए दुनिया को दिए 5 सिद्धांत: मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल (हस्ट) में समुद्री सुरक्षा पर ओपन डिबेट हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की गई इस मीटिंग में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों के प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति, यूनाइटेड नेशंस सिस्टम और प्रमुख क्षेत्रीय संगठनों के हाई लेवल ब्रीफर्स ने हिस्सा लिया। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इसमें शामिल हुए।

अध्यक्ष होने के नाते प्रोग्राम की शुरुआत क्करूमोदी के संबोधन से हुई। इससे पहले कोरोना की वजह से जान गंवाने वाले लोगों के लिए मौन रखा गया। मोदी ने समुद्री चुनौतियों से निपटने और



कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए 5 सिद्धांत दिए। उन्होंने कहा कि समंदर हमारी साझा धरोहर हैं। हमारे समुद्री रास्ते इंटरनेशनल ट्रेड की लाइफ लाइन हैं। सबसे बड़ी बात यही है कि समंदर हमारे प्लैनेट के भविष्य के लिए बहुत अहम है। मोदी ने कहा कि हमारी इस साझा धरोहर को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पाइरेसी और आतंकवाद के लिए समुद्री रास्तों का दुरुपयोग हो रहा है। कई देशों के बीच समुद्री सीमा विवाद हैं।

## यह ओलंपिक अहम, इसमें मिले सबसे ज्यादा पदक, खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन : नायडू



**नई दिल्ली (ए)।** राज्यसभा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए नीरज चोपड़ा को बधाई दी। सदन की अगुआई करते हुए सभापति एम. वेंकैया नायडू ने कहा नीरज चोपड़ा ने अपने गोल्डन थ्रो से हमारे देश को गौरवान्वित किया है। जिस तरह से उन्होंने गो शब्द से ही मैदान पर अपना दबदबा बनाया। उन्होंने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से देशवासियों को खुश कर दिया। उन्होंने कहा इस ओलंपिक ने हमारे देश में खेलों में पुनरुत्थान, पुनर्जागरण और राष्ट्रीय जागृति की शुरूआत की है। इस बार भारत ने ओलंपिक में सबसे अधिक पदक हासिल किए हैं। इसके साथ ही बल्कि कई खिलाड़ी जीत के काफी करीब पहुंचे और कई एथलीटों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सदन ने सभी पदक विजेताओं और ओलंपिक में भाग लेने वाले लोगों को बधाई दी। 13 साल के अंतराल के बाद, भारत ने एक और सुनहरे क्षण का स्वाद चखा जब जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। चोपड़ा स्वर्ण पदक जीतने वाले इतिहास में पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए हैं।

## मुजफ्फरनगर में 5 सितंबर को भाकियू की महापंचायत में बनेगी आर-पार की रणनीति : राकेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर (ए)।** भारतीय किसान यूनियन भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पांच सितंबर को होने वाली भाकियू की महापंचायत में आर-पार की रणनीति तैयार होगी। टिकैत ने रविवार शाम जेवर क्षेत्र में हुई महापंचायत में शिरकत की। किसानों के मंच से हुंकार भरते हुए उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार किसानों के खिलाफ बनाए गए तीनों कृषि कानूनों को वापस नहीं ले लेती, तब तक किसानों की घर वापसी नहीं होगी। राकेश टिकैत अपने काफिले के साथ जेवर के झाझर रोड स्थित सबौता अंडरपास पर आयोजित महापंचायत में पहुंचे। यहां हजारों किसानों की मौजूदगी में संगठन के



पदाधिकारियों ने उनके सिर पर पगड़ी बांधकर और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। महापंचायत के मंच से टिकैत ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। भाकियू नेता ने कहा कि 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली महापंचायत में केंद्र सरकार को उखाड़ने और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में प्रदेश सरकार को रोकने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सरकार धर्म के नाम पर हिन्दू-मुस्लिमों के बीच भेदभाव पैदा कर रही है। मुजफ्फरनगर की महापंचायत में यूपी के अलावा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान आदि राज्यों के हजारों किसान शिरकत करेंगे, जहां संयुक्त मोर्चा की मदद से सरकार को उखाड़ने की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार से तीनों नए कृषि कानूनों को तुरंत वापस लेने की मांग को दोहराते हुए कहा कि ये कृषि कानून किसान-मजदूर और आमजन के विरोधी हैं। टिकैत ने कहा कि किसानों को बर्बाद करने के लिए बिना मांगे ये कृषि कानून देश के किसानों पर थोप दिए गए हैं।

## अभियान

### जनजातीयों के कल्याण में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी

# 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा: मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में 15 नवम्बर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन शासकीय अवकाश रहेगा और पूरे प्रदेश में जनजातीय संस्कृति, परम्परा और जीवन मूल्यों, रोजगार और अर्थ-व्यवस्था के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जनजातीय भाई-बहनों के कल्याण में राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 9 अगस्त विश्व मूल निवासी दिवस है। इस दिन ऐच्छिक अवकाश की व्यवस्था है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा जनजातीय मंत्रालय की स्थापना की गई थी। राज्य



सरकार जनजातीय कल्याण की दिशा में निरंतर सक्रिय है। प्रदेश में जनजातीय नायकों रानी दुर्गावती, टंट्या भील, भीमा नायक, शंकर शाह, रघुनाथ शाह की समाधि स्थलों पर स्मारकों का निर्माण कराया गया। गाँव-गाँव में आश्रम शालाएँ, छात्रावास आरंभ किए गए। निजी मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज में अध्ययनरत जनजातीय विद्यार्थियों की फीस की पूर्ति राज्य सरकार द्वारा करने की व्यवस्था की गई। जनजातीय विद्यार्थियों के विदेशों में अध्ययन के लिए भी व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वनोपज खरीदना आरंभ किया गया है। साथ ही लाखों लोगों को वनाधिकार पट्टे भी प्रदान किए गए हैं।

## उम्मीद है आईटी समिति पेगासस मुद्दे पर करेगी विचार : सांसद शशि थरूर

**नई दिल्ली (ए)।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पर संसदीय समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने कहा कि सदस्यों ने 28 जुलाई को समिति की बैठक 'बाधित' की, क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि पेगासस आरोपों पर कोई चर्चा हो और जिन अधिकारियों को गवाही देनी थी, लगता है उन्हें ''पेश नहीं होने का निर्देश दिया गया।'' उन्होंने उम्मीद जतायी कि आगामी समय में समिति जासूसी मुद्दे पर सुनवाई करेगी। समिति की बैठक में शामिल नहीं होने वाले मंत्रालय के अधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखने वाले थरूर



ने कहा कि बैठक से दूर रहने के लिए ''अंतिम समय में बहाने'' बनाने वाले तीन अधिकारियों की हरकत गवाहों को बुलाने के लिए ऐसी समिति के विशेषाधिकार पर एक ''गंभीर हमला'' है। कांग्रेस नेता थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना की कि विपक्ष ने संसद का अपमान किया है। थरूर ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दे पर किसी भी तरह, किसी भी रूप में जवाबदेह होने से सरकार के इनकार ने ''लोकतंत्र और आम भारतीयों का मजाक उड़ाया है, जिसका सरकार प्रतिनिधित्व करने का दावा करती है।

## बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंचाया जा रहा है पका भोजन और आवश्यक सामग्री







**शिवपुरी।** अतिवृष्टि के कारण जिले में आई आपदा से प्रभावित गांव में प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्राथमिक तौर पर रेस्क्यू के बाद अब लोगों को राहत पहुंचाना एक बड़ी जिम्मेदारी है। जो गांव बहुत अधिक प्रभावित हुए हैं जहां भोजन और आवश्यक सामग्री पहुंचाने की जरूरत है वहां प्रशासन की टीम द्वारा पका भोजन और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासनिक अमले द्वारा न केवल स्थानीय स्तर पर तैनात शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों के माध्यम से बल्कि जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में पूरी टीम काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर क्लस्टरवार क्षेत्र विभाजित किए हैं और उन क्षेत्रों में बाढ़ प्रभावित गांव में भोजन और आवश्यक सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक टीम भी सक्रिय होकर काम में लग गई है। संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्र में खाना और आवश्यक सामग्री की स्थिति की निगरानी की जा रही है और जहां कहीं तत्काल खाना और सामग्री भेजने की जरूरत है वहां वाहनों के माध्यम से सामग्री पहुंचाई जा रही है। पंचायत स्तर पर खाने के पैकेट तैयार कर लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं।

# बाढ़ के साइड इफैक्ट : बदहाली और बेवशी का जीवन जीने को मजबूर आदिवासी, एक की मौत

### शहर के मनियर तक ही नहीं पहुंची प्रशासनिक राहत, सहरिया क्रांति ने की मदद

शिवपुरी।

जैसे जैसे बादल छंटते जा रहे हैं, वैसे वैसे बाढ़ के जख्म अब उभरना शुरू हो गए हैं। बाढ़ के सैलाव के बाद अब आदिवासियों बस्तियों में बदहाली के आंसू रोते परिवारों में आंसुओं के सैलाव हैं और तरफ सिर्फ और सिर्फ बर्बादी का मंजर दिखाई दे रहे हैं। बर्बादी के इस मंजर के बीच आहत को राहत पहुंचाने के लिए महज कागजी घोषणायें इन आदिवासियों की पीड़ा को और अधिक बढ़ा रही हैं।

बात करें शिवपुरी की तो बाढ़ के बाद पूरे जिले में राहत पहुंचाने का ढिंढोरा शासन प्रशासन द्वारा पीटा जा रहा है मगर प्रशासन की नाक के नीचे शहर में ही कई आदिवासी परिवार बाढ़ के साइड इफैक्ट झेल रहे हैं और बदहाली में जीवन जी रहे हैं, कई आदिवासी बीमार हैं और उनके पास खाने को अनाज का एक दाना तक नहीं हैं। ऐसा ही एक मामला आज मनियर में सामने आया जहाँ एक आदिवासी युवक ने अपने घर में ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि आदिवासी युवक सूरज बीमार था और उसके घर में खाने तक नहीं था। कुछ लोगों का कहना है कि सूरज के घर की पटिया टूट गई जिससे वह घायल हो गया और तड़प तड़प कर मर गया। इसी प्रकार मनियर में अन्य आदिवासी भी बीमार हैं और वे कंगाली में अपना जीवन जी रहे हैं बाढ़ के बाद उनके घर खाने के लिए अनाज की व्यवस्था भी नहीं हैं।





प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवपुरी के मनियर क्षेत्र में आदिवासी परिवार का युवक सूरज आदिवासी पुत्र फेरन आदिवासी बीमार था, बाढ़ के चलते वह इलाज कराने नहीं जा पाया जिससे उसकी मौत हो गई। यहां बता दें सूरज आदिवासी के घर में खाने के लिए एक दाना भी नहीं है और उसके परिवार के बच्चे भूख से बिलखते दिखाई दिए। मनियर के आदिवासियों ने बताया कि यहां ऐसे कई आदिवासी परिवार हैं जिनके हालात बाढ़ के चलते खराब हैं और प्रशासन ने यहां कोई राहत प्रदान नहीं की है। इसी प्रकार मनियर में सूरज आदिवासी की माँ कलिया आदिवासी भी काफी परेशान है और बीमारी के चलते वह अपनी आखिरी सांसें गिन रही है।

### फोटो सेशन तक सिमटी राहत

बाढ़ के बाद पीड़ितों को राहत पहुंचाने का कार्य दिखावा की भेंट चढ़ गया और मात्र फोटो सेशन सिमट कर रह गया। आहतों को वास्तविक रूप से राहत नहीं पहुंच पा रही है, बाढ़ पीड़ितों की हालत इस समय बदतर है लेकिन उन तक कोई राहत नहीं पहुंच पा रही है।

### सहरिया क्रांति बनीं सहारा

मनियर आदिवासी बस्ती में बदहाली का जीवन जी रहे आदिवासी परिवारों के लिए आज सहरिया क्रांति के सदस्य सहारा बने और सहरिया क्रांति के संयोजक संजय बेचैन ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर आदिवासियों को राहत प्रदान की और आगे भी आदिवासियों को मदद का पूरा आश्वासन दिया।

## नहाते समय युवक डूबा, नही मिली बॉडी पुलिस की तलाश जारी



**शिवपुरी।** लगातार बारिश होने से नदियां उफान पर चल रही हैं सोमवार की सुबह जैसे ही नदी पुल के बराबर हुई तो रन्नौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले धंधेरा गांव से कई लड़के नहाने के लिए नदी पर पहुंच गए और पुल पर कूंद कूद कर नदी में नहाने लगे उसी वक्त अनिल डूब गया, जानकारी के अनुसार अनिल पुत्र वीर सिंह धाकड़ उम्र 26 वर्ष निवासी धंधेरा नदी में नहा रहे था पुल के ऊपर से बिजली की केवल निकली हुई थी लोगों ने बताया कि कंपटीशन चल रहा था कि कूदकर उस केवल को छूना उसी समय उसमे लाइट आ रही थी पानी मे डूब गया डूब जाने से अनिल की मौत हो गई और अनिल पानी के तेज बहाव में बह गया जैसे ही गांव में खबर लगी तो हड़कंप मच गया करीब आसपास के लोग भी नदी पर उमड़ पड़े कनॉट प्लेस थाना पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई और अनिल की मृत बॉडी को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे इसके बाद रन्नौद से गोताखोरों को बुलाएगा जिसमे 3 घंटे की मकसद करने के बाद भी अनिल की बॉडी को नहीं ढूंढ पाए धंधेरा नदी का एक वीडियो कल से वायरल हो रहा था जिस पल पर दो दर्जन से ज्यादा छोटे-छोटे बच्चे पानी में खेल रहे थे और प्रशासन को भी चेताया था इस समय रहते इस पर ध्यान दिया जाए वरना कुछ घटना घटित हो जाएगी लेकिन आज सुबह के वक्त आखिरकार घटना घट गई जिसमें अनिल की जान गई।

इनका कहना है : धंधेरा गांव में एक युवक नदी मै नहाते समय डूब गया जिसकी बॉडी नदी में बह गई उसी की तलाश में लगे हुए हैं रन्नौद गोताखोर

## बाणगंगा कुंड में नहा है दो युवक डूबे एक कि मौत दूसरे को बचाया

शिवपुरी।



फिजिकल थाना क्षेत्र के बाणगंगा पर शराब पार्टी मनाने गए तो युवक कुंड में डूब गए जिनमें से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया गया दोनों युवक अपने एक अन्य साथी के साथ शराब पार्टी मनाने के बाद कुंड में नहाने उतरे थे पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी थी यह बताने की कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बाढ़ की संभावना को देखते हुए सभी पर्यटक स्थलों पर धारा 144 लागू कर आमजन के जाने पर रोक लगा रखी है लेकिन इसके बाद भी लोग पार्टी मनाने इन स्थलों पर पहुंच रहे हैं जानकारी के अनुसार रविवार होने के चलते भदैया कुंड बाणगंगा और छतरी पर मौसम का आनंद लेने पर्यटक पहुंचे इन स्थलों पर धारा 144 लागू होने के बाद लोगों के प्रवेश पर मनाही है लेकिन इसके बाद भी पर्यटक वहां पार्टी मनाने पहुंचे बाणगंगा पर तीन दोस्त ललित गोस्वामी नवल कुशवाह और विजय भार्गव भी पार्टी मनाने के लिए पहुंचे थे जिन्होंने वहां शराब पी और शराब पीने के बाद नवाब साहब रोड निवासी ललित गोस्वामी और उसका एक अन्य साथी नहाने के लिए कुंड में उतर गए और दोनों पानी में डूबने लगी यह देख वहां मौजूद लोगों ने इन दोनों को बचाने के लिए कुंड में छलांग लगाई इस दौरान ललित गोस्वामी की पानी में डूबने से मौत हो गई जबकि उसके दूसरे साथी को लोगों ने सकुशल बाहर निकाल लिया

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीसरे साथी ने दोनों को मारा था धक्का

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि तीनों युवक कुंड के पास बैठकर शराब पी रहे थे और शराब पीने के बाद तीनों मस्ती में मग्न थे इसी दौरान उनके एक साथी ने ललित गोस्वामी और एक अन्य युवक को कुंड में धक्का मार दिया जिससे दोनों पानी में गिर गए क्योंकि उन्हें तैरना नहीं आता था इसलिए मैं डूबने लगे जिन्हें देखकर उनका तीसरा साथी वहां से भाग गया बाद में बा मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन एक युवक को बचाया नहीं जा सका पुलिस मामले की जांच में जुट गई है

## बाढ़ प्रभावित गांव में भोजन और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए टीम को किया सक्रिय, कलेक्टर ने दिए निर्देश



शिवपुरी।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने रविवार की शाम को सभी अधिकारियों के साथ बैठक की और बाढ़ प्रभावित गांव में भोजन व्यवस्था और ग्रामीणों तक आवश्यक सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस व्यवस्था के लिए नोडल और सहायक नोडल नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह में जिले में हुई अतिवृष्टि के कारण कई गांव में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। वर्षा के कारण जिले के सैकड़ों गांव प्रभावित हुए हैं जहां लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। ऐसे ही बाढ़ प्रभावित गांवों में जहां पके भोजन सहित राशन अन्य आवश्यक सामग्री की जरूरत है वहां तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने कहा है कि पूरी टीम सक्रिय रहे। जहां भी बाढ़ प्रभावित गांव हैं अधिकारी स्वयं जाकर स्थिति का जायजा लें। पंचायत और अन्य माध्यमों से खाने की डिमांड देखें और लोगों तक तत्काल खाना पहुंचाया जाए और सूखा राशन के साथ अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई जाए। कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे। पंचायत स्तर पर समूहों के माध्यम से भोजन तैयार कराया जाये। बच्चों के लिए दूध, बिस्कुट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी परिषद द्वारा किया गया वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन






शिवपुरी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बैराड द्वारा किड्स गार्डन पब्लिक स्कूल में वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प के अन्तर्गत पूजा अर्चना कर पहला टीका अभाविप के नगर मंत्री प्रशांत शर्मा को लगाया गया । साथ ही किड्स गार्डन के संचालक अभिनव मंगल के द्वारा समस्त विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता एवं अन्य अतिथि गणों का सम्मान माल्यार्पण कर शील्ड प्रधान की । मंत्री प्रशांत शर्मा ने बताया कि इस कैम्प के अन्तर्गत विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा अनुशासन के तहत सभी का टीकाकरण कराया गया । इस कैम्प के अन्तर्गत 200 डोज का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित तहसीलदार बैराड विजय कुमार शर्मा , खण्ड संघचालक अजय शंकर त्रिपाठी , पत्रकार भगवती सिंघल,पत्रकार माखन सिंह धाक? , भाजपा मण्डल अध्यक्ष विक्की मंगल , पत्रकार सुनील शर्मा , पत्रकार रिन्कू शर्मा , विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष शुभम शर्मा , नगर मंत्री प्रशांत शर्मा , मेडिकल स्टाफ मे उपस्थिति ऋष्णा गोयल , कुन्जबिहारी नागर उपस्थित थे । साथ ही अभिषेक पाण्डे संचालक जीनियस वर्ल्ड स्कूल, उपाध्यक्ष कपिल शर्मा , सुनील राजोरिया , पत्रकार गौरव शर्मा , धीरज ओझा पत्रकार , विवेक शर्मा ,आकाश बंसल , गिर्राज टोरिया , उमेश सिंघल ,शिब्बू प्रजापति , देवेंद्र कुशवाहा , सुजीत शर्मा उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता जयसिंह खटीक ने कर्मचारियों के साथ मिलकर वार्ड क्रमांक 32 में करवाया सर्वे

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश सरकार की खेल युवा कल्याण एवं तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री व स्थानीय विधायक श्रीमंत यशोधरा राजे



सिंधिया के निर्देशन पर शहर के प्रत्येक वार्ड में सर्वे किया जा रहा है। जिनके घरों में बरसात के कारण जल भराव हुआ और उससे उनके राशन, तथा अन्य वस्तुएं ख़राब हुई है। उसके लिए प्रत्येक वार्ड सर्वे किया जा रहा है ताकि इन लोगों मुआवजा मिल सकें। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 32 में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जयसिंह खटीक ने भी स्वयं कर्मचारियों के साथ मिलकर प्रत्येक घर का सर्वे किया।

# सहकारिता मंत्री ने अटेर के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अंचलों का किया दौरा





## धैर्य बनाए रखें बाढ़ पीड़ित परिवार जनों के लिए शासन की योजनाएं तत्काल मुहैया कराई जा रही हैं : डॉ अरविंद सिंह भदोरिया

भिण्ड। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण अंचलों में पहुंचे और वही क्षेत्र के आपदा से लोगों की हुई मृत्यु के प्रति उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की अटेर क्षेत्र के बाढ प्रभावित ग्रामों का ।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया क्षेत्र के ग्राम सिहुंडा, नावली वृन्दावन, चौम्हो, कोषण, चिलोंगा आद ग्रामों का अवलोकन किया। मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण अंचलों का दौरा करते हुए कहा कि इस प्राकृतिक आपदा ने हम सब को संकट में डाल दिया है अभी कोविड-19 का प्रकोप खत्म नहीं हुआ और आप सभी ने कठिनाइयों से अपना जीवन व्यतीत किया प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता शासन और प्रशासन के अधिकारी आपके साथ दुख और सुख में शामिल होकर दिन रात राहत कार्य में जुटे हुए हैं मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सब आप की संकट की घड़ी में खड़े हैं किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयां नहीं आने दी जाएंगे। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर प्रशासन को स्पष्ट निर्देशित कर दिए गए हैं राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां नहीं होना चाहिए शासन की योजना है की बाढ़ आपदा में जिन परिवारों के कच्चे मकान पूर्व से टूट चुके हैं उन्हें प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत एक लाख बीस हजार उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपना मकान बना सकें साथ ही राशन 50 किलो अनाज चावल आलू नमक 6000 आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाएंगे। मैं बराबर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवार जनों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संपर्क में रहता हूं आपने मुझे मंत्री नहीं जनसेवक बनाया है सेवा करना ही मेरी प्राथमिकता है।

सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद सिंह भदौरिया ने अकोड़ा की उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया

सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अकोड़ा के वार्ड क्रमांक 12 की उचित मुल्य दुकान पहुँच राशन वितरण की व्यवस्था का निरीक्षण किया साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राही को राशन का वितरण भी किया।

### बाढ़ पीड़ित परिवारों को राशन वितरण किया

डॉ अरविंद सिंह भदौरिया सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री द्वारा विधानसभा अटेर के बाढ़ ग्रस्त इलाके का दौरा किया एवं स्थानीय लोगों से भेंट की और शासन द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों जो प्रशासन की मदद सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिए गए थे उनको 50-50 किलो अनाज एवं अन्य सामग्री वितरित की।

### राहत कार्यों में जुटे योद्धाओं को मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने किया सम्मान

मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने अपने बाढ़ से प्रभावित भ्रमण के दौरान युद्ध स्तर पर राहत कार्यों में जुटे पावर मैक फाउंडेशन के कर्मचारियों को शाल और श्रीफल कर उनका सम्मान करते हुए उन्हें बधाई दी।

सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया के साथ जिला कलेक्टर सतीश कुमार, पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह, जिला पंचायत सीईओ जे के जैन, एसडीएम अटेर सिकरवार स्वास्थ्य विभाग के जिला सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा एवं आपदा प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भाजपा उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया, भाजपा नेता राजकुमार सिंह कुशवाहा, थान सिंह भदौरिया, रक्षपाल सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष शेलेन्द्र सिंह भदौरिया, राय सिंह, संतोष सिंह तोमर साथ थे।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला पुलिस कर्मचारियों ने चंदा इकट्ठा कर दी बाढ़ पीड़ितों को राहत



भिण्ड। सोमवार को पुलिस परिवार की महिलाओं ने अपने साथी कर्मचारियों से चंदा इकट्ठा किया और उस पैसे बाढ़ पीड़ितों तक जरूरत की वस्तुएं पहुंचाकर राहत देने का कार्य किया है। जिले में आयी बाढ़ ने ग्रामीणवासियों को घर से बेघर करने के साथ-साथ उनके जीवन यापन का सामान भी नष्ट कर दिया। जिससे बाढ़ पीड़ितों को प्रतिदिन दैनिक कार्यों में भी परेशानी होने लगी। ऐसे में महिला पुलिस कर्मियों ने पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में डी एस पी हेडक्वार्टर अरविंद शाह, डी एस पी महिला प्रकोष्ठ पूनम थापा, रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर व उनकी महिला टीम, थाना प्रभारी नयागांव हरजेंद्र सिंह चौहान द्वारा थाना नयागांव के सिंध नदी के किनारे बसे गांव द्वार, हार का पूरा, टेहनगूर, जखमोली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगभग 500 पीड़ित परिवारों को ( विशेष कर महिलाओं, बच्चो, बुजुर्ग) बिस्कीट, दूध के पैकेट, साड़ी, चद्दर, बच्चों के कपड़े बाटे गए और पानी का टैंकर पहुंचाया गया।

### मानव सेवा ही भगवान की सेवा है : श्रीमहंत ब्रह्मऋषि जी

**कुण्डेश्वर महादेव मंदिर परिवार हर संभव पीडितों की मद्त करेगा: मोनू महाराज**

भिण्ड। कुण्डेश्वर महादेव मंदिर महन्त व प्रबन्ध समिति ने किया बाढ़ पीड़ितों को भोजन प्रसादी वितरण की। जिसमे करीव एक हजार पैकिट बनवा कर सभी भक्तों के साथ गांव गांव जा कर लोगों से उनके हालचाल पूछे व भोजन प्रशादी के रूप में पैकिट वितरित किये। कुण्डेश्वर महादेव मंदिर श्री श्री 1008 श्रीमहंत श्री ब्रह्मऋषि जी महाराज ने निर्देश दिया कि आज भिण्ड के आस पास क्षेत्र में लोग बाढ़ से पीड़ित है उनको रहने खाने की व्यवस्था नहीं है मंदिर मठ व साधु संतों का उत्तर दायत्व बनता है कि जनमानस संकट में तो मंदिर अपने ओर से जो बन सके सहायता करे इस आदेश से महन्त श्री स्वामी दयानन्द जी महाराज , महन्त श्री मोहनमुनी उर्फ मोनू महाराज ने सभी शिष्यों भक्तों को साथ लेकर आज पीड़ित गाँव श्यामपुरा, खैरा, मेहदा सहित अन्य गांव जा कर भोजन पैकिट वितरण किये जिसमे श्रीकृष्ण शर्मा, स्कन्ध पाण्डे, रमेश कटारे, राजेश चौधरी, ओ पी कुशवाह, कमलकिशोर शर्मा, मुनेंद्र शुक्ला, राजेश ब्यास, महेंद्र भदौरिया, राजेश मिश्रा, मुनेश कुशवाह मोनू , गिरीश कटारे, के के शर्मा, दीपक यादव, सोनू, सचिन शर्मा सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

# शहर कांग्रेस ने निकाली अगस्त क्रांति पदयात्रा

भिण्ड। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी भिण्ड ने अगस्त क्रांति पदयात्रा का आयोजन किया। अगस्त क्रांति यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में बढ़ रही महंगाई बेरोजगारी महिलाओं पर अत्याचार और किसान आंदोलन के विरोध में यात्रा निकाली गई अगस्त क्रांति पदयात्रा पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा गोल मार्केट पर जाकर खत्म हुई उक्त पद यात्रा के समापन पर शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहां की अंग्रेजों को भगाने के लिए 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने अंग्रेजों को देश से भगाने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी। किसी की तर्ज पर बीजपी को गद्दी छोड़ने के लिए शहर कांग्रेस ने आज पद यात्रा का आयोजन किया है देश में बढ़ रही बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार और किसान आंदोलन पर सरकार ध्यान दें जिससे आम जनता की परेशानियां दूर हो मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार ने युवाओं महिलाओं और किसानों के हित में काफी काम किए थे और आज आदिवासी दिवस भी है जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी तब आदिवासी दिवस के अवसर पर शासकीय अवकाश घोषित किया था और आदिवासी कार्यक्रम आयोजन के लिए 100000 सरकार देती थी आदिवासियों के लिए तमाम योजनाएं सरकार ने शुरू की थी जो बीजेपी सरकार ने आते ही बंद कर दी आदिवासियों के साथ बीजेपी सरकार का अन्याय है आज पेट्रोल डीजल रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं जिस से निरंतर महंगाई बढ़ रही है केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार युवाओं को देने का वादा किया था जबकि पिछले 7 सालों में 14 करोड़ युवा बेरोजगार हो गए हैं। इसी तरह किसान आंदोलन चल रहा है पिछले 7 महीने से किसान सड़कों पर धरना दे रहे हैं सरकार तीनों काले कानून को तत्काल वापस ले और महिलाओं पर अत्याचार के मामले में मध्यप्रदेश नंबर वन है महिलाओं पर हो रहे अत्याचार भी बंद होने चाहिए। प्रेस को उक्त जानकारी नगर के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने दी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाबा भगवान दास सेथिया रामप्रकाश यादव भगवती शर्मा, डॉ वीरेंद्र भदौरिया, मनोज देपुरिया, संतोष त्रिपाठी, विनोद पंडित, संदीप मिश्रा, वीरेंद्र यादव, अजब सिंह नरवरिया, शैलेंद्र सिंह भदोरिया, आशुतोष शर्मा, नरसिंग नरवरिया, राजेश शर्मा, राजकुमार देशलहरा, थान सिंह यादव, दर्शन तोमर, राहुल कुशवाह, अंकित तोमर, सुरेश पाराशर, बॉबी शर्मा, प्रमोद सुक्ला, शालू पुरोहित, सोनू सिंह राजावत, रामजी लाल शाक्य, बलराम जाटव,शंकर जैन संजीव बरुआ, अनीश कुरेशी, हिम्मत सिंह, कमलेश जाटव, तहसील खान दीपचंद तिवारी, यतेंद्र मिश्रा, हरि सिंह पटेल, राम सिया राठौर, चंद्रपाल सिंह परिहार, रमेश सिंह, देवेंद्र सिंह, देवेश शर्मा, सूरजपाल सिंह, रामसत्य त्यागी, राजू त्रिवेदी सर्वेश यादव, संजय यादव, शिवम दुबे,कुलदीप भारद्वाज अजय जैन विक्की राजावत,डॉअमित जैनअजय कुमार यतेंद्रकुमार दुष्यंत सिंघई विनोद जाटव शिवांश शर्मा आनंद शांति स्वरूप शाक्य आनंद शाक्य योगेश शाक्य रामहेत शाक्य छोटे सिंह शाक्य गोविंद शाक्य,कुँअर सिंह गुर्जर गोपाल सबिता पिंटू शर्मा वेद प्रकाश श्रीवास्तव मनोज जैन मामा बृजेश जैन ललेशशर्मा सौरभ उपाध्याय शकर सिंहआदि कांग्रेस ने उपस्थित थे।




## बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में कैंप लगाने गए पटवारी के साथ मारपीट

### पटवारी संघ ने जताया रोष




भिण्ड। जिले में आयी बाढ़ ने कई गांव तबाह कर दिए हैं। शासन ने बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में कैंप लगाकर मदद करने के निर्देश दिए थे, प्रशासन द्वारा मिले आदेश जब एक पटवारी बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में कैंप लगाने के लिए गया तो उसके साथ गांव के कुछ दबंगो ने मारपीट कर दी। जिसकी सूचना पटवारी ने प्रशासनिक अधिकारियों को दी। घटना के बारे में जब पटवारी संघ को पता चला तो उन्होंने साथी कर्मचारी के साथ हुई अभद्रता पर रोष व्याप्त किया। बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों में समाजसेवी संगठनों से लेकर राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी मदद के लिए लोगो के बीच पहुंच रहे है, ऐसे में ग्रामीणों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मारपीट करना बेहद चिंताजनक ओर निदनीय है । भिण्ड विधानसभा के ग्राम टेहनगुर में बाढ़ प्रभावित इलाकों से ग्रामीणों को शिफ्ट करने व कैम्प लगाकर शासन की योजनाओ का लाभ दिलाने के उद्देश्य से स्थान चिन्हित करने के लिए पटवारी सौरभ राजावत अपने सहायकतों के साथ पहुंचा। तभी टेहनगुर गांव के ही रंजीत, विशम्भर व अन्य लोगों ने बदतमीजी की ओर गाली गलौच के बाद मारपीट कर दी व जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी पटवारी संघ को मिली तो जिले के पटवारी संघ के कर्मचारियों ने एक जुट होकर एफआईआर कराने के लिए नयागांव थाने का घेराव किया।



## बाढ़ आपदा के संकट में बेसहारों के सहारा बने समाजसेवी भारद्वाज


**कोरोनकाल लॉक डाउन के समय गरीब परिवारों को भी कराया था सूखा राशन उपलब्ध**



मेहगांव । भिण्ड जिले में आयी बाढ़ ने लोगों का सब कुछ छीन लिया, कई परिवार तो ऐसे हैं जिनके पास रहने से लेकर खाने तक का कोई इंतजाम नहीं बचा है । ऐसे पीड़ित लोगों के लिए शासन प्रशासन द्वारा जहाँ मदद पहुंचाई जा रही है वहीं दूसरी ओर समाजसेवी संस्थाएं भी बाढ़ पीड़ितों की मदद करने में लगी हुई हैं, बाढ़ में अपने आशियाने खो चुके लोगों तक खाद्य सामग्री और भोजन व्यवस्था सहित जरूरत की चीजें पूरी कराने में शहर के कई समाजसेवी लगे हुए हैं। ऐसे ही अनेक समाजसेवियों में से एक चर्चित समाजसेवी चेहरा है सारथी कंस्ट्रक्शन समूह के चेयरमैन भाजपा नेता अशोक भारद्वाज जो मानव सेवा के लिए हर समय तैयार रहते हैं, जिले में कैसी भी आपदा आई हो श्री भारद्वाज तन मन धन से समर्पित रहते हैं। कोरोनकाल लौकडाउन के चलते देशभर में त्राहि त्राहि मच गई थी जहाँ लोगों की व्यवस्थाएं चौपट हो गई थी दैनिक रोजगार करने वालों के सामने संकट खड़ा हो गया था उस समय भी समाजसेवी अशोक भारद्वाज जरूरतमंदों के लिए देवदूत बनकर सामने आये।

# कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आदिवासी समुदाय का संरक्षण किया है : मान सिंह कुशवाह

### भारत छोड़ो आंदोलन संगोष्ठी कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन



भिण्ड। प्रदेश कांग्रेस कमेठी के आवाहन पर,जिला कांग्रेस कमेठी भिंड द्वारा आज 9 अगस्त को मयूर गार्डन सर्किट हाउस में विश्व आदिबासी दिवस के रूप में मनाया गया, तथा भारत छोड़ो आंदोलन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसीक्रम में बारी बारी से सभी कांग्रेस वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार रखे। तथा जिला काँग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने अपने विचार रखते हुए कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदिवासी समुदाय की सामाजिक, आर्थिक, एवं राजनेतिक हितों की न केवल सरंक्षक रही हैं बल्कि उनके उत्थान के लिए हर सभंव कार्यक्रम भी कांग्रेस की सरकारों ने ही समय-समय पर चलाए है आदिवासी वर्ग के साथ कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक नाता है, वे हमारे वन संपदा और पर्यावरण के प्रथम प्रहरी है, विश्व आदिवासी दिवस पर हमारी कांग्रेस सरकार ने उत्सव पूर्ण मानने के लिए अवकाश की घोषणा की थी, जिसे इस सरकार ने रोक दिया है। कांग्रेस पार्टी आदिवासी हितैषी पार्टी हैं। इसके साथ ही भारत छोड़ो आंदोलन पर बोलते हुए कहा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन को आवाज दी। इसी तिथि को काकोरी कांड हुआ था ये आंदोलन स्वतंत्रता संग्राम के लिए मील का पत्थर साबित हुआ था इस आंदोलन से देश के हर कोने का आदमी जुड़ गया था। यही वह दौर था जब अंतिम रूप से भारत छोड़ो की बात सामने आयी। महात्मा गांधी ने जब 'करो या मरो' का नारा दिया इसी नारे से भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज हुआ। कार्यक्रम के अंतिम समय मे जिले के अदिबासी समुदाय के जिला अध्यक्ष शिवसिंह गोंड, एव उनके साथ दर्शनलाल गोंड, रामरतन गोंड, चंद्रप्रकाश गोंड, गौरव कोरकू आदि लोगों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित करने का काम जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया तथा आदिबासी समुदाय के जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को आदिवासी कविता का चित्रण भेंट कर सम्मान किया गया,एवं अंतिम समय मे कार्यक्रम का समापन, राष्ट्गान गाकर किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जय श्री राम बघेल, प्रदेश सचिव दारा सिंह गुर्जर,वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव,सेवा दल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वरिष्ठ नेता अरविंद अरेले, वीरेंद्र यादव, प्रदेश महासचिव रेखा भदौरिया, ममता मिश्रा, मनोज देपुरिया, राजकुमार देशलहरा युवा कांग्रेश अध्यक्ष, बिजेंद्र सिंह कल्लू,चंद्रभान सिंह राजावत, कार्यवाहक अध्यक्ष इरशाद अहमद, आर्शीवाद शर्मा, मलखान सिंह भदौरिया, युवा नेता रॉकी तोमर, युवा नेता समीर भदौरिया, शिवप्रताप सिंह कुशवाह, राजवीर बघेल, इलियास मोहम्द खान इत्यादि सेकेंडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## मंदिर के पास खुला शराब का ठेका, श्रद्धालुओं का धार्मिक भावनाएं आहत



भिण्ड। आबकारी विभाग के अधिकारी नियम कानून को ताक पर रख सरकारी खजाना भरने में लगे हैं। फिर चाहे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों या बच्चों और महिलाओं के मन पर विपरीत असर पड़े। विभाग के अधिकारियों को न तो मंदिर-मस्जिद की परवाह है और न ही शिक्षण संस्थानों की। अधिकारियों से सांठगांठ कर ठेका लेने वालों ने जहां चाहा वहीं देशी, अंग्रेजी, बीयर और भांग का ठेका खोल दिया, लेकिन विभागीय और जिला प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। ऐसा ही मामला फूप क्षेत्र में देखने को मिला। फूप के नेशनल हाईवे पर शराब का ठेका खोला गया है। जहां से मात्र 50 मीटर पर हनुमान जी का मन्दिर है जहां बच्चे, युवा, बुजुर्ग पूजा -अर्चना तथा संध्या भजन कीर्तन के लिए जाते हैं। शराब का ठेका पास होने की वजह से आसामाजिक तत्व मंदिर के आसपास बने रहते हैं जिससे श्रद्धालुओं को जान-माल का खतरा है। रात में आसामाजिक तत्व मंदिर के पास शराब पीकर खाली बोतलें, पानी के पाउच, अन्य नशा सामाग्री छोड़कर जाते हैं जिससे बच्चों के दिमाग पर विपरीत असर पड़ रहा है। कॉलोनी वासियों ने कई बार मंदिर के पास अमानवीय कृत्यों की वजह से भिण्ड कलेक्टर को शिकायत की परन्तु शराब का ठेका नहीं हटाया गया। कई बार संध्या कीर्तन में महिलाओं को मंदिर नहीं जा पाती। जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं पर आघात हो रहा है।

## स्वर्णिम सफलता

ओलंपिक में जिस चीज के लिए भारत पहले दिन से दुआ कर रहा था, वह पूरी हो गई। भारत के खाते में गोल्ड मेडल आ ही गया। भारत का ओलिंपिक में एथलेटिक्स का गोल्ड जीतने का 121 साल का इंतजार भी खत्म हो गया है। जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने देश को इस खेल में गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में 87.58 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ जेवलिन थ्रो इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। भारत ने साल 1900 में दूसरे ओलंपिक गेम्स में पहली बार हिस्सा लिया था। तब से आज तक कोई भारतीय एथलेटिक्स के किसी भी इवेंट में मेडल नहीं जीत पाया था। 1900 ओलंपिक में ब्रिटिश इंडिया की ओर से खेलते हुए स्प्रिंटर नॉर्मन प्रिटचार्ड ने दो सिल्वर मेडल जीते थे। लेकिन, प्रिटचार्ड अंग्रेज थे भारतीय नहीं। नीरज ने पहले अटैम्प्ट में 87.03 मीटर और दूसरे अटैम्प्ट में 87.58 मीटर दूर भाला फेंका था। तीसरे अटैम्प्ट में 76.79 मीटर दूर भाला फेंका था। चौथे और पांचवें अटैम्प्ट में उन्होंने फाउल थ्रो किया। छठवें अटैम्प्ट में उन्होंने 84.24 मीटर दूर भाला फेंका। एथलेटिक्स ओलंपिक गेम्स का मुख्य आकर्षण होते हैं, लेकिन नीरज से पहले कोई भारतीय इन इवेंट्स में मेडल नहीं जीत पाया था। अब तक जो भी मेडल इस प्रतियोगिता में मिला था, उस पर ब्रिटिश की छाप लगी थी और हर बार जिक्र आते समय यह भारत को चिढ़ा रही थी, मगर अब नीरज ने अपने शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ भारत का नाम ऊंचा किया, बल्कि ब्रिटिश का जो ठप्पा लगा था, उसे भी मिटा दिया। अब ओलंपिक के एथलीट में अगर गोल्ड मेडल का जिक्र होगा, तो वह भारत का होगा। हम किसी के अहसानमंद नहीं रहेंगे। भारत के जेवलिन थ्रोअर और सेना के सूबेदार नीरज चोपड़ा ने अंग्रेजी हुकूमत के अध्याय को समाप्त कर दिया है। अब देश के लोग गौरव के साथ ओलिंपिक एथलेटिक्स में इस गोल्ड मेडलिस्ट का नाम लेंगे। नीरज सेना के 4 राजपूताना राइफल्स रेजीमेंट में सूबेदार हैं। शनिवार को जब नीरज ने देश के गले में सोने का मेडल डाला तो उनके रेजीमेंट के साथियों ने भी खूब जश्न मनाया। नीरज चोपड़ा को 2016 में नायब सूबेदार के पद पर जूनियर कमीशंड ऑफिसर के रूप में चुना गया था। इंडियन आर्मी किसी खिलाड़ी को जवान या नॉन कमीशंड ऑफिसर के पद पर भर्ती करती है, लेकिन नीरज की काबिलियत को देखते हुए उन्हें सीधे नायब सूबेदार के पद पर नियुक्त किया गया था। देश का मस्तक ऊंचा रखने में सेना का हमेशा से अभूतपूर्व योगदान रहा है। देश की सुरक्षा हो, प्राकृतिक आपदा हो या खेल, सेना ने हर जगह अपना परचम लहराया व देश को गौरवान्वित किया है। नीरज चोपड़ा से पहले 2004 एथेंस ओलिंपिक में राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शूटिंग में सिल्वर जीता था। 2012 लंदन ओलिंपिक में भी शूटर विजय कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इससे पहले टीम इवेंट में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने भी देश के लिए तीन बार मेडल जीता था। वे भी सेना से ही थे। इसके अलावा फ्लाइंग जट मिल्खा सिंह भी सेना से ही थे, लेकिन ऑलिंपिक में वे मेडल जीतने में कामयाब नहीं हो सके थे। नीरज की उपलब्धि देश के युवाओं के लिए रोल मॉडल बन कर सामने आएगी और खेल के प्रति नई प्रतिभाओं का उदय होगा। भारत को अब प्रतिभाओं को तराशने में कमी नहीं करनी चाहिए। ओलंपिक गेम्स में भारत को 13 साल बाद किसी इवेंट में गोल्ड मेडल मिला है। इससे पहले, 2008 के बीजिंग ओलंपिक में निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने गोल्ड जीता था। बिंद्रा ने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट का गोल्ड अपने नाम किया था। यह ओलंपिक गेम्स में भारत का अब तक का 10वां गोल्ड मेडल है। भारत ने इससे पहले हॉकी में 8 और शूटिंग में 1 गोल्ड मेडल जीता है। इस तरह भारत का यह अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरा इंडिविजुअल गोल्ड मेडल भी है। जेवलिन थ्रो के साथ ही भारत का टोक्यो ओलंपिक में अभियान समाप्त हो गया। नीरज ने इस सफर का स्वर्णिम अंत किया। भारत के लिए यह सबसे सफल ओलिंपिक बन गया है।

# जाति है कि आख़िर जाती क्यों नहीं ?

**सोनम लववंशी**



देश की राजनीति में जातिवाद का जहर किसी से छिपा नही है। लेकिन जब यही जातिवाद का जहर खेलों और खिलाड़ियों के लिए भी शुरू हो जाए तो कई सवाल खड़े होते हैं। जब भी खिलाड़ी अपने बेहतर खेल प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाते हैं। फ़िर लोग उनके खेल प्रदर्शन की चर्चा न करके उनकी जातियां जानने में दिलचस्पी लेते है। सोचिए यह कितने दुर्भाग्य की बात है। जब खिलाड़ी आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे होते है तब कोई उनकी जाति नहीं पूछता। उनका मज़हब नहीं जानना चाहता और न ही कोई दल उनकी सुध लेता है, लेकिन जैसे ही कोई खिलाड़ी पदक जीतता है। फ़िर खिलाड़ी को जाति-धर्म के साँचे में बंटाने की फ़ितरत जन्म ले लेती है। अब जरा सोचिए कि क्या हमारा देश ऐसे ही विश्वगुरू बनेगा? क्या जातियों में बांटकर हम खेलों में शीर्ष पर पहुँच पाएंगे? आख़िर यह जाति है कि जाती क्यों नहीं? वैसे तो हम नारा बुलंद करते हैं संप्रभु भारत का। फ़िर आख़िर बीच में जाति-धर्म और राज्य कहाँ से आ जाता है? चक दे इंडिया एक फ़िल्म आई थी। जिसमें एक खूबसूरत डायलॉग है कि, ÷ मुझे स्टेट के नाम न सुनाई देते हैं, न दिखाई देते हैं। सिर्फ़ एक मुल्क का नाम सुनाई देता है-इंडिया।÷ फ़िर सवाल यहीं कैप्टन अमरिंदर सिंह जैसा नेता कैसे खिलाड़ियों को राज्यों में बांट सकते है? ऐसे नेताओं से सिर्फ़ यही सवाल है कि क्या इन खिलाड़ियों की विदेशों में पहचान उनके राज्य से होती है नहीं न। फ़िर ऐसी औछी मानसकिता क्यों?

खिलाड़ी हमारे राष्ट्र का गौरव है, पर दुर्भाग्य देखिए कि आज उन्हें भी जाति धर्म मे बांटने की औछी राजनीति की जा रही है। हाल के कुछ सालों में सियासत ने खेलों में भी जातियों की घुसपैठ करा दी है जो कि बेहद ही ख़तरनाक है। खेलों को जातियों के चश्मे से देखने की कोशिश देश में की जाने लगी है। जिन खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए। आर्थिक, मानसिक तौर पर सहायता की जाना चाहिए तब कोई सरकार या कोई जाति धर्म वर्ग विशेष के लोग आगे आकर सहायता भले न करे। लेकिन जब वही खिलाड़ी कोई मेडल जीत ले तो लोगों को उन खिलाड़ियों में जाति धर्म नजर आने लगता है। बात चाहे हिमादास की हो या फिर दीपिका कुमारी या पीवी सिंधू की। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने बेहतर खेल प्रदर्शन से देश का मान सम्मान बढ़ाया। लेकिन दुर्भाग्य देखिए हमारे अपने देश के लोगों को इनके खेल से ज्यादा इनकी जाति जानने में दिलचस्पी है। पीवी सिंधू ने हाल ही में ओलंपिक में कांस्य पदक जीत कर देश को गौरवांवित किया। लोगो को उनकी मेहनत, उनका समर्पण नही नजर आया बल्कि लोग यह जानने में लगे है कि वह किस जाति से है। हाल ही में गूगल द्वारा जारी किए गए डेटा से पता चला है कि लोग पीवी सिंधू के खेल से कही ज्यादा उनकी जाति सर्च करने में लगे हुए हैं। यह किसी एक खिलाड़ी के साथ नहीं हुआ है। जब दीपिका कुमारी ने तीरंदाज़ी में बेहतरीन प्रदर्शन किया और कई स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत के बाद दीपिका की जाति को लेकर भी सोशल मीडिया में जिस तरह के पोस्ट आए वह भी शर्मसार करने वाले थे। देश में बहस छिड़ गई थी। हर किसी को उन्हें अपनी जाति का बताने की होड़ लगी थी। किसी ने उनके नाम के साथ महतो जोड़ा तो किसी ने मल्लाह। क्या खिलाड़ियों का महिमामंडन इस तरह से किया जाना सही है। यह सवाल व्यक्ति को स्वयं पूछना चाहिए। खिलाड़ी सिर्फ खिलाड़ी होता है वह अपनी मेहनत, अपने खेल के दम पर देश का मान बढ़ाता है। क्या खिलाड़ियों की कोई जाति होती है। हमारे लिए तो देश का गौरव बढ़ाने वाले हर खिलाड़ी जाति-धर्म से ऊपर होता है। फिर क्यों इस तरह की औछी राजनीति का विष खेलों में घोला जा रहा है। खिलाडियों को खिलाड़ी ही रहने दिया जाए, वरना जाति और धर्म के बंधन में बंधकर तो देश का विकास अवरुद्ध हो गया, फ़िर खेल का विकास क्या हो पाएगा?

बात भारतीय एथलीट हिमा दास की ही करे। तो अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 400 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने के बाद हिमा दास चर्चा में थी और चर्चा भी इस बात को लेकर की वह किस जाति से आती है। हमारे ही देश का एक बड़ा तबका उनकी जाति जानने में लगा हुआ था। गूगल पर उनका नाम लिखने मात्र से ही सबसे पहला सुझाव उनकी जाति के बारे में ही आता था। कभी किसी ने यह जानने की कोशिश भले न कि हो कि वह किन अभावों में बड़ी हुई। उन्होंने यह मुकाम कैसे हासिल किया। लेकिन उनकी जाति उनके खेल से भी ऊपर हो गई। यह ख़बर भले सोशल मीडिया पर आलोचना का विषय बनी थी। लेकिन इन खबरों ने हमे आइना जरूर दिखा दिया था कि किस तरह हम 21वीं सदी में भी जातियों में जकड़े हुए है। सभी को अपने धर्म का सम्मान करना चाहिए। लेकिन किसी की जाति पर सिर्फ इसलिए चर्चा करना कि वह किस धर्म किस वर्ग से आती है यह निंदनीय है। हिमा दास की जाति में रुचि दिखाने वालों ने बता दिया है कि भारत आज भी जातिवाद के फेर में फंसा हुआ है। वैसे हमारे देश की राजनीति धर्म के आधार पर ही चल रही है। हालांकि यह बहस का विषय है कि हिमा या पीवी सिंधु जैसे कामयाब लोगों की जाति के बारे में लोगो की दिलचस्पी लेना सही है या गलत।

यह तो हम सभी को मालूम है कि हमारा भारतीय समाज जातियों में विभाजित है। हर समाज के व्यक्ति को उसका हिस्सा होने पर गर्व होना चाहिए। यदि किसी समाज विशेष का व्यक्ति कोई उपलब्धि हासिल करता है तो समाज को उस पर गर्व होना स्वभाविक है। लेकिन वह समाज तब कहा होता है जब वह व्यक्ति संघर्ष के दौर से गुजर रहा होता है। वैसे इस बात में कोई दोराय नही है कि व्यक्ति के सफल होने पर लोगो की लम्बी कतार लग जाती है। लाखो हमदर्द बनकर आ जाते है लेकिन जब वह व्यक्ति अपनी ज़िंदगी के खराब दौर से गुजर रहा होता है तो अपने भी आंख मूंद लेते है। खैर इंसान की फितरत ही यही है। वैसे भी आज धर्म की परिभाषा भी अपने मतलब के अनुरूप बदल दी गई है। आज के दौर में धर्म के ठेकेदार सोशल मीडिया पर धर्म और संप्रदाय के अपने-अपने प्रोफ़ाइल चला रहे हैं। लाखों लोग उन्हें फ़ॉलो कर रहे हैं। लोगो का मानना है कि धर्म या जाति विशेष का होना गर्व की बात है तो इसमें क्या बुराई है कि लोग कामयाब लोगो को जाति के आधार पर विभाजित करें।

गौरतलब हो कि जब भी कोई खिलाड़ी पदक जीतता है तो वह सिर्फ एक मैडल भर नहीं होता है बल्कि उस मैडल के पीछे उस खिलाड़ी के संघर्ष और वर्षो की तपस्या होती है। कैसे एक खिलाड़ी अपने खेल के लिए कड़ा परिश्रम करता है। बात चाहे फिर मीरा दास चानू की ही क्यों न हो या फिर किसी अन्य की ... ! इन खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत बताती है कि कैसे इनके राह में लाख कठिनाईयों के बावजूद भी ये अपनी मंजिल को पाने के लिए जुनूनी थे। क्या इनके संघर्षो की कहानी से प्रेरित होकर देश के युवाओं को खेल के प्रति जागृति करने से जरूरी कुछ और हो सकता है भला? वैसे इससे बड़ा देश का दुर्भाग्य भला क्या हो सकता है कि जब तक कोई खिलाड़ी अपने बेहतर खेल प्रदर्शन से देश की झोली में कोई मैडल न डाल दे तब तक देश उसे जानता तक नहीं है। हमारे देश में ऊंची जाति, नीची जाति, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े और स्त्री-पुरुष बल्कि यह कहे कि हर जगह भेदभाव की कभी न मिटने वाली लकीर खींच दी गई है। इसकी जड़ें वर्तमान दौर में और गहरी होती जा रही है। तमाम राजनैतिक दल अपने अपने राजनैतिक लाभ के लिए जातिवाद को बढ़ावा दे रहे है। हमारे संविधान-प्रदत्त अधिकार और कानूनी प्रावधान भी जातीय भेदभाव, उत्पीड़न और अन्याय को खत्म करने में बहुत सफल नही हो रहे है क्योंकि देश की राजनीति को संचालित करने वाली शक्तियां ही नहीं चाहती कि देश से जातिवाद खत्म हो और इससे भी बड़ी विडंबना तो तब हो जाती है। जब एक पढ़ी-लिखी एंकर मंत्री जी से सवाल पूछते वक्त यह कह देती है कि आपके मंत्री बनने पर तो पदक की बौछार हो रही। अब समझिए कि देश किस तरफ़ बढ़ रहा है और खेल भावना कहाँ पीछे छूटती जा रही है। आज शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति राजनीति, खेल ऐसा कोई क्षेत्र नही बचा। जहां भेदभाव न होता हो। खेल हो या फ़िल्म जगत कही जातिवाद है तो कही परिवार वाद। भारत में ये कह देना कि जातीय भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है, महज एक जुमला भर हो सकती है या किसी राजनीतिक पार्टी का आकर्षक नारा, लेकिन ऐसा वास्तव में सम्भव हो पाए यह कहना बहुत दूर की कौड़ी है और जब तक यह विकसित नहीं होगा न देश के भीतर खेल संस्कृति पनपेगी और न ही राष्ट्र उत्थान कर सकता है। यह लिखकर रख लीजिए।

# कहो तो कह दूं : न कहो 'थाईलैंड के गधे' लाने के बहाने अफसर वहां की भी सैर कर आएं

**चैतन्य भट्ट**



अपने देश के अफसर सरकारी खर्चे पर विदेश की सैर करने के नए नए तरीके खोज ही लेते हैं, नेताओं को तो खैर विदेश की सैर करने के तरह तरह के मौके मिल ही जाते हैं तो ये अफसर भला क्यों पीछे रहें सो वे भी स्कीमें बनाकर विदेश की सैर कर आते हैंद्य अब देखों न कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीका के चीतों को लाने की योजना बन गयी, और जब देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने भी इन चीतों को भारत लाने की अनुमति दे दी तो फिर क्या था अफसरों की तो बांछें खिल गयी द्य इन चीतों के मनोविज्ञान को समझने, उसकी आदतों से परिचित होने के लिए वन मंडल अधिकारी, रेंजर, कर्मचारियों और डाक्टरों का एक दल अफ्रीका जाएगा, ये दल पूरे पच्चीस दिनों तक चीतों के बारे में अध्ययन करेगा कि चीता कैसे देखता है, कैसे बैठता है, कैसे खड़ा होता है, कब चिल्लाता है, कब सोता है, कब जागता है कब अपने प्रेमिका चीती को आँख मारता है, कितनी लम्बी छलांग लगाता है ऐसा तो नहीं आगामी ओलम्पिक में लम्बी कूद के लिए प्रेक्टिस कर रहा हो, जिस दिन सो कर जल्दी उठ जाता हैं तो क्यों उठ जाता है, उसे कौन कौन सी बीमारी हो सकती है, उसका इलाज कैसे होगा, उसे कोरोना तो नहीं है, वो इंडिया जाकर बोर तो नहीं हो जाएगा, वो कितना लम्बा है, कितना चौड़ा है, उसके शरीर पर कितनी धारियां हैंद्य आँखें कमजोर तो नहीं हैं यदि कमजोर हैं तो कौन से नंबर का चश्मा उसे लगेगा द्य उसके रहन सहन उसकी आदतों के लिए पूरी टीम 24 घंटे उसके साथ ही रहेगी कि पता नहीं कौन से पल वो कोई ऐसा काम कर जाए जिसका अध्ययन ये टीम न कर पाए, यानि चीते के पल पल की खबर ये अफसरों की टीम लेगी और उसके बाद जब पूरी तरह से उस चीते की सात पुश्तों की जानकारी और उसकी कुंडली खंगाल लेगा ये दल तो वंहा से चीते आने शुरू हो जाएंगे, अफसरों की इस टीम के अफ्रीका जाने आने ठहरने खाने पीने का पूरा खर्चा सरकार उठाएगी अपना धेला भी नहीं लगना है द्य अपने को तो लगता हैं कि अभी तो अफ्रीका के चीते लाने की बात चल रही हैं कुछ दिनों बाद न कहो ये अफसर कीनिया की बिल्ली थाइलैंड का गधा फिलिपाइन्स की मकड़ी इंडोनेशिया के काक्रोच चीन की चिड़िया मलेशिया की मख्खी नीदरलैंड के केंकड़ा, कनखजूरा, पटार का अध्ययन करने की स्कीम निकाल कर और उनके नाम पर फिर से विदेश की सैर का प्रोग्राम बना लें

सावन छोड़ो, पूरे साल ही झूले झूल रहे हैं हमः अब सावन में पहले जैसे झूले नहीं लगते , ऐसा लोग बाग़ कहते हैं, पहले के जमाने में जब सावन आता था तो झूलों की बहार शुरू हो जाती थी गांवों में पेड़ों पर रस्सियों के झूलों में गांव की छोरियां और छोरे जम कर झूला झूलते थे सावन में लगने वाले मेलों में भी टेंपरेरी झूला भी लग जाता था जिसे हिंडोला कहा जाता था , पर वक्त बदल रहा है पुरानी बातें अब सिर्फ बातें रह गई ,अब नया जमाना है भैया ,नए-नए झूले आ गए हैं जो दिखाई तो नहीं देते पर हमें झुला रहे हैं और अकेले सावन में नहीं बल्कि पूरे साल झूले लगे हुए और हर आदमी उन झूलों में झूल रहा है द्य मसलन नेता, मंत्री आम जनता को अपने वादों का झूला झुला रहे हैं ये झूला खूब ऊपर जाता है और फिर धड़ाम से नीचे आ जाता है अर्थव्यवस्था का जो झूला है वह भी बहुत तेज झूल रहा है लेकिन ये ऊपर कम जाता है नीचे बहुत तेजी से आता है ।बेरोजगार नौजवान रोजगार पाने का झूला झूल रहे है वे इस आशा में झूले का इंतजार कर रहे हैं कि जैसे ही झूला उनकी तरफ आएगा वे उसे पकड़ कर उसमें लटक जाएंगे पर ये झूला गोदाम में बंद हो चुका है जिसके बाहर निकलने की उम्मीद कम ही है।शेयर मार्केट का झूला तो इतनी स्पीड से ऊपर नीचे होता है कि खरीदने वाले कभी नोट कमा नहीं पाते क्योंकि यह झूला कब ऊपर चला जाए कब नीचे आ जाए भगवान् भी नहीं जानता, कोरोना का झूला तो आजकल चल ही रहा है कभी इधर, कभी उधर ,ये ऊपर नीचे आड़ा तिरछा कहीं भी झूल जाता है कोई भरोसा नहीं इस झूले का, इस झूले पर पर लोग नहीं बैठते बल्कि झूला लोगों पर ही बैठा जा रहा है।

# हर आदमी को न्याय कैसे मिले ?

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश एन.वी. रमन ने आज भारत की न्याय-व्यवस्था के बारे में दो-टूक बात कह दी है। विज्ञान भवन के एक समारोह में उन्होंने कहा कि भारत के पुलिस थानों में गिरफ्तार लोगों के साथ जैसी बदसलूकी की जाती है, वह न्याय नहीं, अन्याय है। वह न्याय का अपमान है। गरीब और अशिक्षित लोगों की कोई मदद नहीं करता। उन्हें कानूनी सहायता मुफ्त मिलनी चाहिए। उन्हें यह मालूम होना चाहिए कि वे भी हमारी न्याय-व्यवस्था के अंग है। अदालतों तक पहुँचने का खर्च इतना ज्यादा है और मुकदमे इतने लंबे समय तक अधर में लटकते रहते हैं कि करोड़ों गरीब, ग्रामीण, अशिक्षित लोगों के लिए हमारी न्याय-व्यवस्था बिल्कुल बेगानी बन गयी है। आजकल तो डिजिटल डिवाइस चली है, वह भी उक्त लोगों के लिए बेकार है। दूसरे शब्दों में हमारी न्याय और कानून की व्यवस्था सिर्फ अमीरों, शहरियों और शिक्षितों के लिए उपलब्ध है। न्यायमूर्ति रमन ने हमारे लोकतंत्र की दुखती रग पर अपनी उंगली रख दी है लेकिन इस दर्द की दवा कौन करेगा ? हमारी संसद करेगी। हमारी सरकार करेगी। ऐसा नहीं है कि हमारे सांसद और हमारी सरकारें न्याय के नाम पर चल रहे इस अन्याय को समझती नहीं हैं। उन्हें सब पता है। लेकिन वे स्वयं इसके भुक्तभोगी नहीं हैं। वे जैसे ही सत्ता में आते हैं, उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध होने लगती हैं। वे पहले से ही विशेषाधिकार संपन्न होते हैं। यदि उनके दिल में परपीड़ा होती तो अंग्रेजों के द्वारा बनाए-गए इस सड़े-गले कानून तंत्र को अब तक वह उखाड़ फेंकते। वर्तमान सरकार ने ऐसे कई कानूनों को रद्द करने का साहस जरुर दिखाया है लेकिन पिछले 75 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जो संपूर्ण कानून और न्याय-व्यवस्था पर पुनर्विचार करती। यह तो संतोष और थोड़े गर्व का भी विषय है कि इस घिसी-पिटी व्यवस्था के बावजूद हमारे कई न्यायाधीशों ने सच्चे न्याय के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। न्याय-व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ पहल एकदम जरुरी हैं। सबसे पहले तो सभी कानून मूलतः हिंदी में लिखे जाएं। अंग्रेजी का पूर्ण बहिष्कार हो। बहस और फैसलों में भी ! ये दोनों वादी और प्रतिवादी की भाषा में हो। वकीलों की लूट-पाट पर नियंत्रण हो। गरीबों को मुफ्त न्याय मिले। हर मुकदमे पर फैसले की समय-सीमा तय हो। मुकदमे अनंत काल तक लटके न रहें। अंग्रेजों के ज़माने में बने कई असंगत कानूनों को रद्द किया जाए। न्यायाधीशों को सेवा-निवृत्ति के बाद किसी भी लाभ के पद पर न रखा जाए ताकि उनके निर्णय सदा निष्पक्षता और निर्भयतापूर्ण हों। न्यायपालिका को सरकार और संसद के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नियंत्रणों से मुक्त रखा जाए। स्वतंत्र न्यायपालिका लोकतंत्र की सबसे मजबूत गारंटी है।

## सम्यक दृष्टिकोण की जरूरत

आज मानवता को बचाने से अधिक कोई करणीय काम प्रतीत नहीं होता। मनुष्य औद्योगिक और यांत्रिक विकास कर पाए या नहीं, इनसे मानवता की कोई क्षति नहीं होने वाली है, किंतु उसमें मानवीय गुणों का विकास नहीं होता है तो कुछ भी नहीं होता है। एक मानवता बचेगी तो सब कुछ बचेगा। जब इसकी सुरक्षा नहीं हो पाई तो क्या बचेगा? और उस बचने का अर्थ भी क्या होगा? मनुष्य एक सर्वाधिक शक्तिशाली प्राणी है, इस तथ्य को सभी धर्मो ने स्वीकार किया है।पर मानव जाति का दुर्भाग्य यह रहा कि उसकी शक्ति मानवता के विकास में खपने के स्थान पर उसके हास में खप रही है। मानवता की सुरक्षा के लिए जिस ऊर्जा को संग्रहीत किया गया था, वह हथियार का रूप लेकर उसका संहार कर रही है।मनुष्य के मन की धरती पर उगी हुई करुणा की फसल ब्रूरता से भावित होकर धीरे-धीरे समाप्त हो रही है।यह एक ऐसा भोगा हुआ यथार्थ है, जिसे कोई भी संवेदनशील व्यक्ति नकार नहीं सकता। पानी को जीवनदाता माना जाता है, सर्वोत्तम तत्व माना जाता है; फिर भी उसके स्वभाव की विचित्रता यह है कि वह ढलान का स्थान प्राप्त होते ही नीचे की ओर बहने लगता है।दूसरों को जीवन देने वाला जल भी जब नीचे की ओर जाने लगे तो उसके कौन रोक सकता है? यही स्थिति आज के मनुष्य की है।सर्वाधिक शक्तिशाली होकर भी यदि वह स्वयं का दुश्मन हो जाए, करुणा को भूलकर ब्रूर बन जाए तो उसे कौन समझा सकता है। इस बात को सब मानते हैं कि विज्ञान ने बहुत तरक्की की है।यह बहुत अच्छी बात है।किंतु हमें इस बात को भी नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान में तारक और मारक दोनों शक्तियां होती हैं। कोई आदमी उसकी तारक शक्ति को भूलकर मारक शक्ति को ही काम में लेने लगे, इसमें विज्ञान का क्या दोष।उसके पास मानवता या मानव जाति को बचाने की जो विलक्षण शक्ति है, उसे भुला दिया गया और संहार की भयानक शक्ति को उजागर किया गया।इस स्थिति को बदलने के लिए सम्यक दृष्टिकोण के निर्माण की आवश्यकता है।

# जल संरक्षण के लिए धान की मेडागास्कर पद्धति अपनाएं

**एस.आर.आई ?=**

यह धान उत्पादन करने की एक विधि है जिसमें कम आयु की एकल पौध को निश्चित दूरी पर मार्कर से बने चिन्हों पर रोपा जाता है खरपतवारो को वीडर की सहायता से जमीन में दबा कर कार्बनिक खाद में परिवर्तित किया जाता है रासायनिक उर्वरकों का कम से कम एवं कार्बनिक खादों तथा जैव नियंत्रको का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाता है

एस.आर.आई के अवयव=

1. बीज की कम आवश्यकता
2.कम उम्र की पौध का अधिक दूरी पर रोपण
3.समान दूरी पर चिन्ह बनाने हेतु मार्कर का प्रयोग
4. खरपतवार प्रबंधन हेतु वीडर का प्रयोग
4.कार्बनिक खादों का अधिक से अधिक प्रयोग
5.कम पानी की आवश्यकता
6. कीटों एवं रोगों का जैविक प्रबंधन

एस.आर.आई. कैसे करें=

1. भूमि-

सामान्यतत्दोमट मृदा जिसका पी.एच. मान 5.5 से 7.5 के बीच हो का चयन करना चाहिए भूमि को अच्छी तरह समतल कर दें जिससे खेत में पानी समान रूप से फेल सके जलभराव वाली भूमि का चयन नहीं करना चाहिए क्योंकि अधिक पानी के कारण पौधों की जड़ों का विकास अच्छी तरह से नहीं हो पाता है और वह सड़ने लगती हैं जल निकास का भी उचित प्रबंध करना चाहिए

2. बीज का चुनाव एवं उसकी मात्रा-

इस पद्धति में धान की खेती हेतु विपुल उत्पादन एवं उच्च गुणवत्ता वाली किस्मों के बीज का चुनाव करना चाहिए प्रति हेक्टेयर 6 से 8 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है वही पारंपरिक रोपा पद्धति में 40 किलोग्राम बीज की आवश्यकता पड़ती है

3. कार्बनिक खादों का प्रयोग-

इस पद्धति में कार्बनिक खादों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाता है पौध रोपाई के लगभग 2 माह पूर्व मुख्य खेत में सनई अथवा ढांचा को उगा देना चाहिए और 40 से 45 दिन बाद जुताई करके उसे खेत की मिट्टी में अच्छी तरह मिला देना चाहिए तत्पश्चात पानी भरकर सड़ा देना चाहिए इससे भूमि में कार्बन,नाइट्रोजन तथा लाभदायक सूक्ष्मजीवों की मात्रा एवं सक्रियता बढ़ जाती है लगभग 15 टन सड़ी हुई गोबर की खाद प्रति हेक्टेयर डालनी चाहिए यदि वर्मी कंपोस्ट अथवा नाडेप की खाद उपलब्ध हो तो उसे भी पर्याप्त मात्रा में डालना चाहिए

इन खादो के साथ या बाद में लेकिन रुपए को मिलाकर डालना चाहिए इन खादो के साथ अथवा बाद में परंतु रोपाई के पहले ट्राइकोडरमा चूर्ण को मिलाकर डालना चाहिए ट्राइकोडरमा जड़ सड़न तथा शीथ झूलसा के प्रबंधन में प्रभावी माना गया है यह पाया गया है कि जैव उर्वरक जैसे नील हरित शैवाल एजोस्पिरिलम तथा पी.एस.बी. प्रत्येक की 2 किलोग्राम मात्रा खेत में खड़े पानी में पाटा लगाते समय देनी चाहिए

4. पौधे तैयार करना-

पौध तैयार करने के लिए खेत में

ऊंचे स्थान का चयन करना चाहिए जहां पानी ना भरता हो पौध को ऊंची

क्यारियों में उगाना चाहिए इसके लिए 125 सेंटीमीटर चौड़ी 6 इंच ऊंची तथा आवश्यकतानुसार लंबी क्यारियां बना लेनी चाहिए क्यारी को आकार देने के पश्चात सबसे निचले स्तर पर 1 इंच मोटी गोबर की सड़ी हुई खाद बिछाए तत्पश्चात 1से 1.5 इंच मोटी

खेत की बारीक मिट्टी की तह लगाएं तीसरी परत पुनः 1 इंच मोटी सड़े हुए गोबर की बिछाए चौथी तथा अंतिम परत 2 से 2.5 इंच मोटी खेत की बारीक मिट्टी की लगाएं अंत में इन चारों परतो को सावधानीपूर्वक मिला दें और अंकुरित बीज की बुवाई करें बीज को लगभग 12 घंटे तक भिगोने के पश्चात उसे टाट की बोरी में लपेटकर

अंकुरण हेतु रख दें और उसमें समय समय पर आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव करते रहे अंकुरित बीजों को ट्राइकोडरमा चूर्ण 2 ग्राम प्रति 500 ग्राम बीज से उपचारित कर उसे 20

से 25 मिनट तक छाया में सुखाने के उपरांत बुवाई हेतु प्रयोग करें एस.आर.आई. पद्धति में 1 हेक्टेयर में धान उगाने हेतु 6-8 किलोग्राम बीज की आवश्यकता पड़ती है जो कि परंपरागत विधि की अपेक्षा बहुत कम है बीजों की बुवाई के उपरांत धान को

पुआल अथवा घास फूस से ढक दे जिससे कि चिड़िया आदि नुकसान न पहुंचा सकें पौधशाला में प्रतिदिन सुबह शाम पानी का आवश्यकतानुसार छिड़काव करते रहे

खेत की तैयारी एवं रोपाई=

परंपरागत विधि की तरह ही खेत की तैयारी करें परंतु यह ध्यान रखें कि खेत का समतलीकरण अच्छी तरह से हो अन्यथा पानी का फैलाव समान रूप से नहीं होगा रोपाई के समय खेत में पानी भरा नहीं रहना चाहिए अन्यथा मार्कर से चिन्ह लगाने में असुविधा होगी मार्कर की सहायता से 25म25 सेंटीमीटर की दूरी पर निशान लगा ले और बने हुए वर्ग की चारों कोनों पर 12 दिन पुरानी एकल पौध का रोपण करें पौध रोपाई पूर्व पौधशाला में किसी चपटी लकड़ी अथवा टीन की चादर की सहायता से मिट्टी एवं बीज चोल सहित इस प्रकार निकाले की जड़ों को क्षति न पहुंचे पौध निकालने के उपरांत उसे अतिशीघ्र खेत में रोप देना चाहिए

रोपाई के दूसरे दिन खेत में पानी देना चाहिए

पोषक तत्व प्रबंधन=

खेतों में जैविक/कार्बनिक खादों (नाडेप,गोबर की खाद नील हरित शैवाल,अजोला,पी.एस.बी. कल्चर) रासायनिक उर्वरकों का अतिरिक्त अतिरिक्त उपयोग किया जाना चाहिए एजोटोबेक्टर और पी.एस.बी. दोनों जीवाणु उर्वरकों को 50 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर सुखी सड़ी हुई गोबर की खाद में मिलाकर मचौआ करने के पूर्व खेत में मिला दें

जल प्रबंधन=

आमतौर पर माना जाता है कि धान को केवल जलभराव की स्थिति में ही उगाया जा सकता है जबकि ऐसा नहीं है एस.आर.आई. पद्धति में खेत में री बीडर चलाने के समय तथा फसल के अंतिम 20-25 दिनों को छोड़कर केवल नम स्थिति बनाए रखी जाती है इन दिनों में जरूर 1-3 सेंटीमीटर पानी रखा जाता है जब भूमि में हल्की बाल के सामान दरारें दिखाई दें केवल सामान्य सिंचाई करनी चाहिए यह पाया गया कि इस पद्धति में पानी की लगभग 50त्न तक बचत होती है

**डॉ. जयदीप सिंह भदोरिया विकासखंड तकनीकी प्रबंधक ÷आत्मा÷ विकास खंड, कैलारस जिला मुरैना (म.प्र.)**

**श्रीकुंअर (शोधार्थी उद्यान विज्ञान) राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,ग्वालियर**

# छोटी सी उम्र में ही बच्चों को सिखा दें खाने-पीने से जुड़ी ये अच्छी आदतें



अगर छोटी उम्र से ही बच्चों को खाने से जुड़ी अच्छी आदतें सिखा दी जाएं तो इससे उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ता है। इससे उनका विकास भी बेहतर तरीके से होता है। आइए आज आपको बताते हैं कि खाने-पीने से जुड़ी ऐसी कौन सी अच्छी आदतें हैं जिनके बारे में बच्चों को छोटी सी उम्र में ही बताना और इन्हें उनकी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है।

**खाने से पहले हाथों को धोना**

यह सबसे जरूरी आदतों में से एक है और बच्चों को खाना खाने से पहले हाथ धोना सिखाना बेहद जरूरी है। उन्हें समझाएं कि अगर वह खाना खाने से पहले हाथ नहीं धोते हैं तो इससे कीटाणुओं का खतरा बढ़ सकता है। सिर्फ खाने से पहले ही नहीं, बल्कि खाना खाने के बाद और जब भी बच्चे बाहर या बाथरूम से आएं तो उन्हें हाथ धोने की आदत लगाएं। यह आदत बीमारियों से बचाने का काम करेगी।

**पौष्टिक आहार की जानकारी**

बच्चे पौष्टिक आहार लेने की आदत तभी सीख सकते हैं, जब आप उन्हें इसके बारे में अच्छे से बताएंगे। उन्हें बताएं कि किस तरह के आहार से क्या फायदा मिल सकता है। उदाहरण के लिए, बच्चों को फलों और सब्जियों में मौजूद पौष्टिक तत्वों के बारे में बताएं और घर में ज्यादा से ज्यादा हरी-सब्जियां और फल रखें ताकि बच्चे समझ सकें कि ये स्वस्थ आहार हैं। बच्चे के साथ माता-पिता को भी अच्छे पौष्टिक आहारों का सेवन करना चाहिए।

**पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सिखाएं**

बच्चों की सेहत के लिए पौष्टिक आहार जितना जरूरी है, ठीक उतना ही महत्वपूर्ण समय-समय पर पानी पीना है। इसलिए माता-पिता बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दें। 5 से 8 साल के बच्चे को दिन में लगभग पांच गिलास पानी जरूर पिलाएं। वहीं 9 से 12 साल के बच्चे के लिए रोजाना डेढ़ लीटर पानी जरूरी है। 13 साल से अधिक उम्र के बच्चों के लिए नियमित 8-10 गिलास पानी का सेवन करना महत्वपूर्ण है।

**खाने का समय निर्धारित करें**

खाने के साथ-साथ खाने का समय भी काफी मायने रखता है। इससे हमारा मतलब यह है कि माता-पिता बच्चों के खाने-पीने का एक समय निर्धारित जरूर करें और खुद भी इसका पालन करें। उदाहरण के लिए, बच्चों के ब्रेकफास्ट, लंच, स्नैक्स और डिनर का एक रूटीन बनाएं और हर रोज ठीक उसी वक्त उन्हें खाना खिलाएं। इससे उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और उनके खाने की आदत भी सही रहेगी।

### महत्वपूर्ण टिप्स

**इन बातों पर भी दें खास ध्यान**

बच्चों को धीरे-धीरे और खाने को अच्छे से चबाकर खाने के लिए प्रेरित करें। जब भी माता-पिता या फिर घर का कई बड़ा फल और सब्जियां खरीदने जाए तो बच्चों को अपने साथ लेकर जाएं और खरीदारी के दौरान उन्हें फल और सब्जियों के साथ-साथ अन्य पौष्टिक आहारों के फायदे बताएं। बच्चे को टीवी देखते या फिर मोबाइल चलाते समय खाना न खाने दें। इसके अलावा बच्चों को खाने से संबंधित इनाम या सजा देने से बचें।

## भारत की पहली हवाई ऐक्शन फिल्म होगी 'फाइटर', रितिक और दीपिका मचाएंगे धमाल

फिल्म निर्माता कंपनी वायकॉम 18 स्टूडियोज ने घोषणा की है कि रितिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर 'फाइटर' भारत की पहली हवाई ऐक्शन फिल्म होगी। 'फाइटर' एक शानदार फिल्म होगी जिसका डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। रितिक रोशन इससे पहले 'बैंग बैंग' और 'वॉर' जैसी फिल्मों में सिद्धार्थ आनंद के साथ काम कर चुके हैं। वायकॉम 18 स्टूडियो इस फिल्म का निर्माण सिद्धार्थ आनंद और उनकी पत्नी ममता, रेमन चिब्ब और अंकू पांडे के साथ मिलकर करेगा। स्टूडियो के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अजित अंधारे ने स्टेटमेंट में कहा, 'एरियल ऐक्शन फिल्म अनूठा सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है। भारत में इस तरह का प्रयोग अब तक नहीं किया गया है। हॉलिवुड फिल्म 'टॉप गन' का प्रशंसक होने के नाते, मैं पिछले कई वर्षों से ऐसी कहानी की तलाश में था जिसकी जड़ें भारत में हों और उसपर कोई एरियल एक्शन फिल्म बनाई जा सके। वह फिल्म 'फाइटर' होगी।' अजित अंधारे ने कहा, 'सिद्धार्थ आनंद को इस प्रकार की फिल्मों की समझ है और वह अपनी खास निर्देशन शैली के जरिए फिल्मों को बेहद शानदार बना देते हैं। मैं उनके साथ मिलकर इस फिल्म का निर्माण करने को लेकर बेहद उत्सुक हूं।'





# श्रेया धनवंतरी ने कैसे चुना फिल्म लूप लपेटा के लिए जूलिया का किरदार, खुद किया खुलासा



स्कैम 1992 में जानी मानी पत्रकार सुचेता दलाल का रोल निभाकर सभी का दिल जीत चुकीं एक्ट्रेस श्रेया धनवंतरी अपनी अगली फिल्म लूप लपेटा के साथ फिर से रुपहले पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं. हाल ही में उन्हें फैमिली मैन 2 में भी देखा गया था. श्रेया ने खुलासा किया है कि स्कैम 1992 के बाद उनके पास ढेरो ऑफर्स थे लेकिन वो अपने अगले प्रोजेक्ट को चुनने के लिए कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहती थीं. श्रेया ने इस बात का खुलासा भी किया था कि वो कैसे अपने काम को लेकर बेहद सजग हैं और वो उन्हीं रोल्स को चुनने के लिए बेताब हैं जिनमें एक्टिंग का हुनर दिखाने का मौका मिले. ये मौका उन्हें जल्द ही मिल भी गया जब उनके पास लूप लपेटा का ऑफर आया इसके रोल जूलिया के लिए. जब उन्होंने अपना रोल सुना तो उन्हें समझ आ गया कि ये वो ही रोल है जिसका उन्हें लंबे वक्त से इंतजार था. श्रेया धनवंतरी अपनी अगली फिल्म 'लूप लपेटा' में तापसी और ताहिर राज भसीन के साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगी. निर्माता तापसी और ताहिर यानी सावी और सत्या की भूमिकाओं से मेल खाने के लिए लोकप्रिय और मजबूत अभिनेता की तलाश में थे और पहले भी एलिप्सिस एंटरटेनमेंट के साथ काम करने के वजह से निर्माता श्रेया के अभिनय कौशल को जानते थे और इसलिए उन्होंने तुरंत श्रेया को जूलिया के क़िरदार के लिए चुना. श्रेया धनवंतरी कहती हैं कि मेरे लिए इस फिल्म में काम करने के कई कारण थे. मुझे जो किरदार ऑफर किया गया था वह इतना दिलचस्प था कि मैं मना नहीं कर सकी. मैंने मेरा पहला कदम तनुज और अतुल के साथ एलीप्सिस से उठाया है. इस फिल्म का शीर्षक भी काफी आकर्षक है. और मुझे हमेशा से ही कुछ नया और क्रेजी करना था जो लूप लपेटा में है! आकाश भाटिया द्वारा निर्देशित 'लूप लपेटा' इस साल रिलीज होगी. लूप लपेटा एक कॉमिक थ्रिलर फिल्म है. इसकी मेकिंग के साथ से ही ये फिल्म चर्चाओं में है. ये फिल्म 1998 में आई जर्मन फिल्म रन लोला रन का हिंदी रीमेक है. इसकी कहानी में दिखाया गया था कि फिल्म की एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड को बचाने के लिए 20 मिनट में कैसे पैसे का इंतजाम करती है।

# मुझे पुलिस भूमिकाओं की पेशकश की जाती है : जिमी शेरगिल




अभिनेता जिमी शेरगिल ने 1996 में अपनी पहली फिल्म माचिस के बाद से बॉलीवुड में काफी लंबा सफर तय किया है। एक सूत्र जो उनकी अधिकांश लोकप्रिय फिल्मों को एक साथ बांधता है, वह है एक पुलिस वाले के रूप में उनका अवतार। ए वेडनेसडे में इंस्पेक्टर आरिफ खान के रूप में अपने शक्तिशाली अभिनय से लेकर स्पेशल 26 और फुगली में उनकी उल्लेखनीय भूमिकाओं तक, अभिनेता ने लगभग 10 फिल्मों में उल्लेखनीय पुलिस भूमिकाएं अदा की हैं। जिमी ने कहा, मुझे कई पुलिस रोल की पेशकश की जाती है। मैं उनको चुनता हूं जो मुझे वास्तव में पसंद हैं। मैं उस चरित्र को चुनता हूं जिसे एक अलग रोशनी के साथ चित्रित किए जाने की गुंजाइश होती है। अभिनेता अपनी नवीनतम फिल्म कॉलर बम में एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आए है। उन्होंने एक उच्च पदस्थ इंस्पेक्टर मनोज हेसी का किरदार निभाया है। पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता ज्ञानेश जोटिंग द्वारा निर्देशित, यह फिल्म एक पहाड़ी शहर के स्कूल के बारे में है जहां बच्चों को एक मानव बम द्वारा बंधक बना लिया जाता है। बच्चों को बचाने के रहस्य को सुलझाने की कुंजी मनोज हेसी के अप्रिय अतीत होती है। महामारी से पहले जिमी को फिल्म के लिए संपर्क किया गया था और अभिनेता ने परियोजना पर हस्ताक्षर करने के लिए अपना समय लिया। जिमी ने कहा, कोविड -19 के आने से कुछ महीने पहले मुझे एक स्क्रिप्ट दी गई थी जो मुझे वास्तव में पसंद आई थी।

## फिल्मी दुनिया में तब्बू के 30 साल पूरे, शेयर किया ये खास वीडियो



तब्बू अब तक अलग-अलग फिल्मों में कई अलग तरह के किरदार निभा चुकी हैं। वह हर किरदार को इतनी सहजता से निभाती हैं, लगता है जैसे एक्टिंग करना कितना आसान हो। तब्बू ने 30 साल पहले तेलुगु फिल्म कुली नंबर 1 से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। इतना लंबा सफर तय कर चुकीं तब्बू ने इस मौके पर एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। आइए जानते हैं उन्होंने अपने पोस्ट में क्या लिखा। तब्बू ने फिल्म कुली नंबर 1 के सुपरहिट गाने कोठा कोठागा.. का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, इस खूबसूरत सफर पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। मैं यह सोचने भर से अभिभूत हूं कि मेरी पहली फिल्म ने 30 साल का लंबा सफर तय कर लिया है। उन्होंने लिखा, मन ही मन बहुत खुशी हो रही है। यह मेरे लिए एक बेहद गर्व का पल है। मैं आप सभी की आभारी हूं। तब्बू ने लिखा, राम नायडू सर, सुरेश नायडू और वेंकटेश नायडू का शुक्रिया, जिन्होंने मुझे मेरे करियर की पहली फिल्म दी और वो भी ऐसी फिल्म, जिसने मेरे लिए सिनेमा की दुनिया में दरवाजे खोल दिए। उन्होंने लिखा, मेरे गुरु के.राघवेंद्र राव, जो फिल्म के निर्देशक थे, उन्होंने मुझे पर्दे पर ऐसे पेश किया, जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं हमेशा उनकी अहसानमंद रहूंगी। मेरी इस यात्रा के दौरान मेरे साथ चलने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। तब्बू के इस वीडियो को शेयर करने के बाद प्रशंसकों से लेकर बॉलीवुड की दुनिया से जुड़े कई सितारों ने उन्हें फिल्मी जगत में 30 साल पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं।

# क्या होता है जेल मॉश्चराइजर, जानिए इस्तेमाल करने का तरीका और फायदे



हम सभी जानते हैं कि स्किन केयर रूटीन में मॉश्चराइजर बहुत जरूरी होता है. ये आपका ड्राई स्किन को पोषक तत्व देने का काम करता है. कोई भी मौसम हो त्वचा को मॉश्चराइज करना जरूरी होता है. त्वचा को क्लींज करने के बाद हाइड्रेट करने के लिए मॉश्चराइज करना जरूरी होता है. अगर आप त्वचा को नियमित रूप से मॉश्चराइज नहीं करते हैं तो स्किन प्रॉब्लम्स बढ़ सकती है. मॉश्चराइज करने से स्किन जवां और ग्लोइंग नजर आती है. बाजार में कई तरह के मॉश्चराइज मिलते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि पिछले कुछ समय में जेल मॉश्चराइजर का ट्रेंड काफी बढ़ गया है. आइए जानते हैं इसके फायदों के बार में.

**क्या होता है जेल मॉश्चराइजर:** जेल मॉश्चराइज पानी अधारित फॉर्मूला होता है जो बहुत लाइटवेट होता है. ये हर स्किन टाइप के लिए फायेदमंद होता है. जेल मॉश्चराइज त्वचा को हाइड्रेट रखने के साथ- साथ ऑयल फ्री लुक भी देता है.आइए जानते हैं जेल मॉश्चराइजर त्वचा के लिए कितना फायदेमंद होता है.

**ऑयली फ्री लुक मिलेगा:** खासतौर पर मानसून के मौसम में मॉश्चराइज लगाने से चेहरा ऑयली नजर आता है. ऐसा इसलिए क्योंकि मॉश्चराइजर में ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है जो त्वचा में मिलने के बाद एक्स्ट्रा ऑयल निकलने लगता है. वहीं, जेल बेस्ड मॉश्चराइज पानी अधारित होते हैं जो स्किन को ऑयली होने से बचाता है.

**त्वचा को हाइड्रेट रखता है:** गर्मी के मौसम में त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए मॉश्चराइज करना जरूरी होता है. जेल मॉश्चराइजर पानी अधारित होते हैं जिनमें हाइड्रेटिंग फॉर्मूला होता है. ये आपकी त्वचा को मुलायम और नरिश रखने में मदद करता है.

**सभी स्किन टाइप के लिए फायदेमंद होता है:** जेल बेस्ट मॉश्चराइजर हर स्किन टाइप के लिए फायदेमंद होता है. फिर चाहे आपकी स्किन ऑयली हों, एक्ने प्रोन और सेंसिटव हों. ये त्वचा को ठंडक देने के साथ-साथ हाइड्रेटेड रखने में भी मदद करता है.

**लंबे समय तक टिका रहता है:** हम सभी लोग ऐसा मॉश्चराइजर चाहते हैं जो त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं. इसके अलावा जेल बेस्ड मॉश्चराइज त्वचा को हाइड्रेट करने के साथ- साथ लंबे समय तक टिके रहते है जबकि जेल बेस्ड मॉश्चराइज त्वचा को हाइड्रेट रखने के साथ-साथ स्किन प्रॉब्लम्स को दूर करता है। त्वचा में होता है लाइटः जेल बेस्ड मॉश्चराइजर पानी अधारित होता है. ये अन्य मॉश्चराइजर की तरह हैवी नहीं लगता है. ये आपकी त्वचा में आसनी से मिला जाता है और रिफ्रेशिंग लुक देता है।

## 'दृश्यम 2' फेम इशिता दत्ता ने लगाया हॉटनेस का तड़का



अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 से इशिता दत्ता ने सभी का दिल जीत लिया था. वह हाल ही में परिणीति चोपड़ा के साथ फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन में नजर आईं थीं. इशिता हर बार अपनी एक्टिंग से सभी को इंप्रेस कर लिया है. इशिता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने बोल्ड अवतार से सुर्खियों में बनी रहती हैं. इशिता आए दिन अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं जो पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं. इशिता फिल्मों के साथ टीवी सीरियल में भी काम कर चुकी हैं. वह बड़े पर्दे के साथ छोटे पर्द पर भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं. वह बेपनाह प्यार, रिश्तों की सौदागर बाजीगर और एक घर बनाऊंगा सीरियल में नजर आ चुकी हैं. इशिता अपने ग्लैमरस अवतार के साथ मजेदार वीडियो शेयर करती रहती हैं. बॉलीवुड फिल्म दृश्यम में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी एक्ट्रेस इशिता दत्ता आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं।



# 'सहकारिता मंत्री ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीण अंचलों का किया दौरा'

(सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद भदौरिया ने कहा बाढ़ आपदा पर कांग्रेस कर रही है झूठी राजनीति)

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड 7 सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत अटेर विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण अंचलों में पहुंचे और वही क्षेत्र के आपदा से लोगों की हुई मृत्यु के प्रति उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की अटेर क्षेत्र के बाढ प्रभावित ग्रामों का ।सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंहभदौरिया क्षेत्र के ग्राम सिहुंडा, नावली वृन्दावन, चौम्हो, कोषण, चिलोंगा आद ग्रामों का अवलोकन किया 7

मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण अंचलों का दौरा करते हुए कहा कि इस प्राकृतिक आपदा ने हम सब को संकट में डाल दिया है अभी कोविड-19 का प्रकोप खत्म नहीं हुआ और आप सभी ने कठिनाइयों से अपना जीवन व्यतीत किया प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता शासन और प्रशासन के अधिकारी आपके साथ दुख और सुख में शामिल होकर दिन रात राहत कार्य में जुटे हुए हैं मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम सब आप की संकट की घड़ी में खड़े हैं किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयां नहीं आने दी जाएंगे 7

उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर प्रशासन को स्पष्ट निर्देशित कर दिए गए हैं राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की कठिनाइयां नहीं होना चाहिए शासन की योजना है की बाढ़ आपदा में जिन परिवारों के कच्चे मकान पूर्व से टूट चुके हैं उन्हें प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ?120000 उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपना मकान बना सकें साथ ही राशन 50 किलो अनाज चावल आलू नमक ?6000 आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाएंगे मैं बराबर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवार जनों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संपर्क में रहता हूं आपने मुझे मंत्री नहीं जनसेवक बनाया है सेवा करना ही मेरी प्राथमिकता हैद्य

सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने अकोड़ा के वार्ड क्रमांक 12 की उचित मुल्य दुकान पहुँच राशन वितरण की व्यवस्था का निरीक्षण किया साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत हितग्राही को राशन का वितरण भी किया।

अटेर विधानसभा के ग्राम पंचायत स्योडा निवासी कपिल पुत्र शिवकुमार सिंह की क्वारी नदी में डूबने से असमय मृत्यु होने पर उनके निवास स्योडा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त की।सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने परिवार को सहायता राशि के रूप राशि 4 लाख रुपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मंत्री डॉक्टर भदोरिया अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत परा में पहुंचे जहां 3 अल्पसंख्यक समाज के लोगों की जहरीली गैस के रिसने के कारण कुएं में मृत्यु हो गई थी उनके परिवार जनों के बीच पहुंचे और शासन की मदद दिलाने का भरोसा दिलाया और शोक व्यक्त कर ईश्वर से आत्म शांति की प्रार्थना की 7



सहकारिता एवं लोकसेवा प्रवंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने परा पहुँचकर ज़हरीली गैस से मृत तीन व्यक्तियों के शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी।मंत्री डॉ भदौरिया ने बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था करने के साथ आर्थिक सहायता शीघ्र प्रदान करने की कही बात।

डॉ अरविंद सिंह भदौरिया सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री द्वारा विधानसभा अटेर के बाढ़ग्रस्त इलाके का दौरा किया एवं स्थानीय लोगों से भेंट की और शासन द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों जो प्रशासन की मदद सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिए गए थे उनको 50- 50 किलो अनाज एवं अन्य सामग्री वितरित की।

सहकारिता लोक परिवंदन मंत्री डॉक्टर अरविंद सिंह भदौरिया छेत्र के चम्बल नदी के किनारे बसे विभागीय अधिकारियों के साथ नाव में बैठकर बाढ़ से प्रभावित पीड़ित परिवार जनों के बीच पहुंचे जहाँ उन्होंने युद्ध स्तर पर चलाये जा रहे राहत कार्य का निरीक्षण किया और उन्होंने तत्काल तेज़ गति से कार्य प्रारंभ करने के लिए जिला प्रशाशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जिला पंचायत सीओ एसडीम एवं राजस्व विभाग एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों को निर्देशित किया 7

मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया ने अपने बाढ़ से प्रभावित भ्रमण के दौरान युद्ध स्तर पर राहत कार्यों में जुटे विक्रम चारी योद्धाओं को शाल और श्रीफल कर उनका सम्मान करते हुए उन्हें बधाई दी 7

सहकारिता मंत्री डॉक्टर भदौरिया के साथ जिला कलेक्टर सतीश कुमार, पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह, जिला पंचायत सीईओ के के जैन,एसडीएम अटेर सिकरवार स्वास्थ्य विभाग के जिला सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा एवं आपदा प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भाजपा उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, अटेर जनपद के उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया, भाजपा नेता राज कुमार सिंह कुशवाहा ,थान सिंह भदौरिया,रक्षपाल सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष शेलेन्द्र सिंह भदौरिया, राय सिंह संतोष सिंह तोमर साथ थे ।

## वन-टू-वन



### लोकसभा हलका प्रधान गुरदीप सिंह टोनी द्वारा पार्टी का विस्तार

दीपक रल्हन, पुष्पांजली टुडे

पंजाब / ऑल इंडिया प्रियंका राहुल गांधी फॉर्म पंजाब प्रघान जी के आदेश से टीम का विस्तार करते हुए जिला अमृतसर लोकसभा हलका प्रधान गुर्दीप सिंह टोनी की ओर से हरजीत सिंह रंघावा जी को अमृतसर वार्ड नंबर 5 लोहारका रोड गुमटाला कॉलोनी प्रधान नियुक्त किया गया इस समय पहुंचे बिक्रमजीत सिंह दीपक रल्हन काला सिंह बलविंदरसिंह सतनाम सिंह पिंदर सिंह और इलाका निवासियो ने लोकसभा हलका प्रधान गुरदीप सिंह टोनी का धन्यवाद किया।



### खैरागढ़ तहसील के ग्राम आईला हुई प्रतियोगिता

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ / ग्राम आईला में टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें दूरदराज से आए सैकड़ों बच्चों ने भी हिस्सा लिया जिसमें कोविड-19 के नियमों का पालन किया गया है और इसके व्यवस्थापक अनूप ठाकुर लल्लू ठाकुर पंकज सर डॉक्टर सौरव आशु ठाकुर छवि ठाकुर एचके ठाकुर आकाश ठाकुर सनी ठाकुर शिवम ठाकुर जॉनसन ठाकुर डॉ भोला पुष्पेंद्र ठाकुर[ विधानसभा उपाध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना] इन सभी के द्वारा यह प्रतियोगिता एच एस एच डी पब्लिक स्कूल आईला में संपन्न किया गया है।

### गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष पटेल ने



### किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

**नेनाराम सीरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली। भाजपा गुंदोज मंडल अध्यक्ष गणेश पटेल दयालपुरा ने कुरना। पादरला गुडा प्रतापसिंह। भावनगर साली सुंदेलाव सहित विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया । गुंदोज मंडल के कार्यकर्ताओं सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी से जनसंपर्क किया ।पादरला मे बुथ अध्यक्ष भगवानसिंह पादरला ने बताया कि पादरला से गिरवर वाया सुकदंड नाडा तक ग्रवेल सड़क 6 किलोमीटर व नाडा निर्माण कार्य शुरू करने के बाबत सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत को अवगत करवाया गया। गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष पटेल ने क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की जन समस्याओं को लेकर गुडा प्रतापसिंह मे पानी का जायजा लिया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पवित्र मास के चलते श्री सालेशवर महादेव मंदिर गुडा प्रतासिंह मे श्रावण मास मेला व जल अभिषेक मे भाग महंत प्रकाशगिरी महाराज आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भाजपा नेता हरिभाई पटेल मंडल महामंत्री रघुनाथसिंह रावणा गुंदोज उपाध्यक्ष कुपाराम सिरवी , सजन बंजारा, देवीसिंह। नेमीचंद सैन पुनमपुरी गोस्वामी आदि मोजुद रहे।

## बाजार बसूली ,ई रिक्शा बसूली के खिलाफ वामपंथी जन संगठन कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका का किया घेराव

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद-नगरपालिका गोहद व्दारा कराये गये हाट बाजार एवं बाहनों से की जारही बसूली के खिलाफ किसानसभा,सीटू,महिला,जनवादी महिला समिति मुस्लिम अधिकार मंच नौजवान सभा दलित शोषण मुक्ति मंच के संयुक्त आव्हान पर आज 9 अगस्त को गोहद नगरपालिका का घेराव कर प्रदर्शन किया गया इस मौके पर हुई सभा को किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष जसविन्दर सिंह ने संबोधित कर भाजपा सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की उन्होंने तीन किसान विरोधी कानून से होने वाले नुक्शान के बारे में विस्तार से बताया प्रदर्शन कारियों को गोहद नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रेमनारायण माहौर ने कहा कि हाट बाजार का ठेका निरस्त होना चाहिए खाद्यान्न पात्रता पर्ची का लाभ अभी तक नहीं मिला है कर्मकार कामकाजी महिला पंजीयन सहित मूलभूत समस्याओं की ओर नगरपालिका ने कोई ध्यान नहीं दिया है उन्होंने संघर्ष तेज किये जाने का आव्हान किया सभा को माकपा जिला सचिव ओमप्रकाश बाथम नौजवान सभा के भूपेन्द्र गुर्जर



अल्पसंख्यक अधिकार मंच के रसीद खां किसान सभा के बीरेन्द्र कुशवाह महिला समिति की शोभा माहौर के अलावा राजेन्द्र कुशवाह सुनील माहौर ने अपने विचार व्यक्त किये इस मौके पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गुड्डी बाई माहौर रीना प्रजापति सरोज श्रीवास बादामी बाई फरमान खां हरिविलास माहोर हरिग्यान माहौर गंगाप्रसाद माहोर मुन्नालाल माहौर जयसिंह माहौर हरीशंकर माहौर ई रिक्सा यूनियन के गिर्जाज ओझा मनीष माहौर कुलदीप जाटव सुरेश यादव धर्मेन्द्र राठौर प्रमोद राठौर कलियान माहौर के अलावा भारी संख्या में आम जनता महिलाएं उपस्थिति रहीं।

## समूजा महादेव मंदिर पर अभिषेक पुजा पाठ अर्चना कर शीश नमन किया



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पाली। श्रावण सुदी तीसरा सोमवार को समूजा महादेव मंदिर पवित्र स्थल दरबार में पण्डितो के सान्निध्य में एवं दूरदराज से आये भक्त श्रद्धालुओं ने बिना अन्न पानी का व्रत रखकर लम्बी कतार का इन्तजार मे बाबा भोलेनाथ शिव लिंग का अभिषेक विधि विधान के साथ मन्त्र पाठ व जल दुध बिल्व पत्र आक फुल धतूरा अर्पित कर पुजा अर्चना व शीश नमन कर दर्शन किये तथा भक्त श्रद्धालुओं पुरुषों व महिलाओं ने हर हर महादेव ,बम बम भोले व ओम नमः शिवाये के जयकारे से गुज के हरिभजन गाये व मंगल गीत के साथ दिनभर भजन कीर्तन कर देश- प्रदेश व अपने परिवार खुशहाली मन्नत की कामना मांगी। इस मौके पर भामाशाह। दीपाराम पटेल रेवडा कला , पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज , पाली सांसद प्रतिनिधि डी आर चौधरी, पंचायत समिति सदस्य जोराराम,समाज सेवी हरिभाई पटेल रूपावास, डॉ प्रताप राम, कानाराम,सिरोणा, वकील साहब मांगीलाल चौधरी सहित कई भक्त श्रद्धालु मौजूद रहे।



## पांच वारण्टी आरोपियों को मिरहची पुलिस ने दबोचा

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा - एटा जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था व अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर इरफान नासिर खान के निर्देशन में वारंटी तथा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मिरहची पुलिस द्वारा 5 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांक 9 अगस्त 2021 को थाना मिरहची पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 5 वारण्टी अभियुक्त बब्लू पुत्र जगदीश काली चरन पुत्र सरमन निवासीगण नगला कलियान थाना मिरहची जनपद एटा साहब सिंह पुत्र अक्षय सिंह राजन उर्फ़ राजवती पत्नी साहब सिंह निवासीगण नवीनगर थाना मिरहची एटा राकेश पुत्र बाबूराम निवासी नगला अतीत थाना मिरहची एटा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## संत सिरोमणी 1008 महामंडलेश्वर श्री बालक दास जी महाराज का वर्तमान में साधना स्थल है

**भीमसेन तोमर, पुष्पांजली टुडे**

थरा। अम्बाह तहसील मुख्यालय से लगभग चार किलोमीटर दूर मुरैना भिण्ड मार्ग पर स्थित परम हंस संत श्री बाबा लोचनदास जी महाराज की तपोस्थली में स्थित ग्राम पंचायत थरा में मुगलकालीन शिवालय स्थापित है। इस शिवलिंग के विषय में अद्भुत और विचित्रता को जानने के लिए मैं मंदिर परिसर में पहुंच *संत शिरोमणि महामंडलेस्वर महात्मा बालकदास जी महाराज से इस शिवालय के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए निवेदन किया, तो महाराज ने इसके विषय जानकारी उपलब्ध कराई।श्री संत जी ने शिवालय में पूजा अर्चना करते हुए बताया कि यह शिवलिंग बहुत ही प्राचीन शिवलिंग है ? जो लगभग 500 वर्ष पुराना है। इसके साथ साथ इससे पुरानी भी मूर्तियां जो मुगल शासकों के शासन काल में तोड़ दी गई थी उसके अवशेष आज भी मंदिर पर मौजूद हैं। । हम आपको बता दें कि बाबा बालकदास जी महाराज, संत सिरोमणी परम हंस बाबा श्री लोचनदास जी महाराज के परम शिष्य स्वरुप हैं। और बाल्यावस्था से ही लगभग पांच या सात वर्ष की अवस्था में ही गृह त्याग कर वैराग्य अपनाने के बाद परम हंस श्री लोचनदास जी महाराज के तपोभूमि में सेवक के रूप में पूरे जीवन काल में उनकी सेवा की और उनको अपना गुरु मानते हैं।

यहां स्थानीय लोगों में तो लोगों में मान्यता है कि। बाबा लोचनदास जी की तपस्या में कुछ कमी रह गई तो उन्होंने पुनः अवतार लेकर बालपन अवस्था में ही वैराग्य अपनाने और फिर भगवान की तपस्या में लगे हुए हैं।

हम आपको बता दें कि महामंडलेश्वर बाबा बालकदास जी महाराज। बचपन से ही दिगंबर स्वरुप रहते हैं और चाहे जितनी सर्दी , बरसात, गर्मी हर मौसम में निंवस्त्र




ही रहते हैं।

शिवालय में मौजूद भगवान शिव की यहां लिंग स्वरुप में दर्शन किए जा सकते हैं। यह गुल्की आश्रम मुरैना भिण्ड मार्ग पर थरा के पास से जूझकी पहुंच मार्ग पर स्थित है। और मुख्य मार्ग से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर यह प्राचीन शिवलिंग मंदिर है।


यह प्राचीन शिवलिंग मंदिर मुग़ल कालीन है। मुग़ल कालीन आक्रांताओं ने जब मंदिर मुर्तियां खंडित करने का दुराचारी कार्य किया था। उस समय इस मंदिर की मुर्तियां भी खंडित की गई थी। जिसके अवशेष अभी भी मंदिर परिसर में मौजूद हैं। बाबा बालकदास जी महाराज महामंडलेश्वर तपोस्थली गुल्की आश्रम थरा। महात्मा जी के भक्त प्रोफेसर (अंग्रेजी साहित्य)अरविंद सिंह परिहार ने बताया कि गुल्की आश्रम पर प्रसिद्ध दक्षिण मुखी एवं उत्तर मुखी हनुमान जी के साथ साथ महात्मा बालकदास जी महाराज जे दर्शन के लिए दूर दूर से श्रद्धालु हमेशा आते रहते हैं।

# 'आदिवासी वर्ग के साथ कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक नाता है : मान सिंह कुशवाह'

(भारत छोड़ो आंदोलन संगोष्ठी कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन)

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चम्बल डिवीजन**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। प्रदेश कांग्रेस कमेठी के आवाहन पर,जिला कांग्रेस कमेठी भिंड द्वारा आज 9 अगस्त को मयूर गार्डन सर्किट हाउस में विश्व आदिबासी दिवस के रूप में मनाया गया,तथा भारत छोड़ो आंदोलन संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसीक्रम में बारी बारी से सभी कांग्रेस वक्ताओं द्वारा अपने अपने विचार रखे।तथा जिला कॉंग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने अपने विचार रखते हुए कहा कांग्रेस पार्टी हमेसा से ही आदिवासी समुदाय की सामाजिक,आर्थिक,एव राजनेतिक हितों की न केवल सरंक्षक रही हैं बल्कि उनके उत्थान के लिए हर सभंव कार्यक्रम भी कांग्रेस की सरकारों ने ही समय समय पर चालाए है आदिवासी वर्ग के साथ कांग्रेस पार्टी का पारिवारिक नाता है,वे हमारे वन संपदा और पर्यावरण के प्रथम प्रहरी है,विश्व आदिवासी दिवस पर हमारी कांग्रेस सरकार ने उत्सव पूर्ण मानने के लिए अवकाश की घोषणा की थी, जिसे इस सरकार ने रोक दिया है।कांग्रेस पार्टी आदिवासी हितैषी पार्टी हैं।इसके साथ ही भारत छोड़ो आंदोलन पर बोलते हुए कहा स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने %अंग्रेजों भारत छोड़ो% आंदोलन को आवाज दी। इसी तिथि को काकोरी कांड हुआ था ये आंदोलन स्वतंत्रता संग्राम के लिए मील का पत्थर साबित हुआ था इस आंदोलन से देश के हर कोने का आदमी जुड़ गया था.यही वह दौर था जब



अंतिम रूप से भारत छोड़ो की बात सामने आई. महात्मा गांधी ने जब 'करो या मरो' का नारा दिया इसी नारे से भारत छोड़ो आंदोलन का आगाज हुआ।कार्यक्रम के अंतिम समय मे जिले के अदिबासी समुदाय के जिला अध्यक्ष शिव सिंह गोंड,एव उनके साथ दर्शनलाल गौर,रामरतन गौर,चंद्रप्रकाश गौर,गौरव कोरकू आदि लोगों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित करने का काम जिला कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया तथा आदिबासी समुदाय के जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को आदिवासी कविता का चित्रण भेंट कर सम्मान किया गया,एवं अंतिम समय मे कार्यक्रम का समापन,राष्ट्रगान गाकर किया गया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष जय श्री राम बघेल,प्रदेश सचिव दारा सिंह गुर्जर,वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव,विचार विभाग जिलाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,सेवा दल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,वरिष्ठ नेता अरविंद अरेले,वीरेंद्र यादव,प्रदेश महासचिव रेखा भदौरिय,ममता मिश्रा,मनोज देपुरिया,राजकुमार देशलहरा युवा कांग्रेश अध्यक्ष,बिजेंद्र सिंह कल्लू,चंद्रभान सिंह राजावत,कार्यवाहक अध्यक्ष इरशाद अहमद,आर्शीवाद शर्मा,मलखान सिंह भदौरिया,युवा नेता रॉकी तोमर,युवा नेता समीर भदौरिया,शिवप्रताप सिंह कुशवाह, राजवीर बघेल, इलियास मोहम्द खान इत्यादि सेकेंडों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# आदिवासी वेशभूषा और आचरण में दिखाई दी हिंदुस्तान की असली तस्वीर

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ , पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट / विश्व आदिवासी दिवस, विश्व में रहने वाली संपूर्ण आबादी के मूलभूत अधिकारों (जल, जंगल, जमीन) को संरक्षण देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व के आदिवासी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। यह घटना उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करती है जो मूलनिवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था ।





## विश्व आदिवासी दिवस का हर्षोल्लास के साथ गोंडवाना भवन लांजी में आयोजन

### लांजी में हुआ भव्य पारंपरिक आयोजन, वक्ताओं ने रखा अपना वक्तव्य

9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ गोंडवाना भवन लांजी में आदिवासी समाज के द्वारा मनाया गया। जिसमें आदिवासी संस्कृति, वेशभूषा, नृत्य, आदि का परिचय दिया गया। साथ ही प्रमुख रूप से वक्ताओं के द्वारा समाज हित और देश हित में उद्बोधन दिया गया। जिसमें अमोल सिंह धुर्वे जी के द्वारा आदिवासी समाज में बढ़ती समस्या, अंतर्जातीय विवाह एवं पहंदीपारी कुपार लिंगो का सिद्धान्त पर अपना वक्तव्य रखा। साथ ही दिलीप उइके जी के द्वारा आदिवासी समाज के कर्मचारी युवाओ की बढ़ती उदासीनता से खतरे में आदिवासी समाज पर अपनी बात रखी जिसके माध्यम से उन्होंने कहा की आदिवासी युवा कर्मचारी मुख्य रूप से समाज के कार्य प्रणाली पर उदासीनता दिखा रहे हैं। इसी तारतम्य में श्रीराम घरते जी के द्वारा आदिवासी किसान समाज की कृषि कार्य में बढ़ती उदासीनता, कबिलाई मुद्दों पर अपने विचार रखे गये। विशेष अतिथियों में राजकुमार नागेश्वर जी ने कहा कि आदिवासियों को अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ना हैं जिससे उनका अस्तित्व खतरे में ना हो। विजय हटीले जी ने आदिवासी समुदाय की उत्पत्ति व इनके इतिहास संबंधित तथ्य बताये।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी युवा व नन्हे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति प्रदान की जिसमें, बगड़ी ग्रुप के द्वारा महुआ झरे रे, वालेगांव ग्रुप चल तो गुईया रे, टिमकीटोला ग्रुप आदिवासी बगवा, बंजारटोला ग्रुप, बाघाटोला ग्रुप, जुनेवानी ग्रुप, कोचेवाही ग्रुप, अजय नेवारे गोवारी ग्रुप, लांजी ग्रुप आदि शामिल रहे।कार्यक्रम में मंच संचालन के लिए आदिवासी युवाओं को प्रोत्साहित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से लोकेश मलगाम, सुशीला वरकड़े, महेश घोरमारे, डेविड उइके द्वारा अपनी भूमिका बखूबी निभाई गई।

विश्व आदिवासी कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम अध्यक्ष ऋषिकेश घोरमारे, मुख्य अतिथि धनीराम इनवाती, विशेष अतिथि मानिकलाल पांचे, एम.के. मडामें, पी.डी. भालाधरे, राजकुमार नागेश्वर, विजय हटीले, बी.आर.गुरदे, इठोबा ढोक, नरोत्तम चौधरी, दुलीचंद राजनीरे, मोतीराम उइके, अशोक मर्सकोले, सी.एल.उइके, गादिराम गुर्दे, अमोल सिंह धुर्वे, अशोक घरते, श्रावण उइके, हिरामन उइके, बी.आर. वाकड़े, ओमकार मंडलवार, सदाराम रंधये, दिलीप उइके, गणेशराम नारनौरे, राधेश्याम नारनौरे, लोकेश मलगाम, संजय उइके, डेविड उइके, गांधी घोरमारे,सेवक उइके, महेंद्र जामुरे, ओ.पी.नेवारे, अतुल हनोते, वेद कुमार डोंगरे, धर्मेंद्र धारने,अजय नेवारे, वीरेंद्र घोरमारे, शिव हनोते, अजय धारने, श्रीराम घरते, विजय घोरमारे, रोशन घोरमारे, सुशीला वरकड़े,गीता मर्सकोले, सीमा पन्द्रे, दिनु उइके (जीएसयू प्रदेश सदस्य), राकेश नारनौरे (प्रेरक युवा वक्ता) आदि आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा संगठन साथी उपस्थित रहे।

## वन-टू-वन



### खेरागढ़ ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध पदयात्रा कार्यक्रम

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

खेरागढ़ ब्लॉक एवं नगर कमेटी द्वारा भ्रष्टाचार एवं महंगाई को लेकर जिला अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह मीनू उपस्थिति में कांग्रेस कमेटी बेरोजगारी के विरुद्ध नगर खेरागढ़ में पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित किया पदयात्रा में कॉर्बेट 19 के नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम का रूट निम्न वत है तहसील के पास से सिकरवार धर्म कांटे से सैया तिराहे से थाना खेरागढ़ से चौराहा अनटीगिर रोड बाईपास रोड होते हुए वापस सिकरवार धर्म कांटे पर समापन हुआ जिसमें थाना खेरागढ़ पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष कांग्रेस राघवेंद्र सिंह मीनू ब्लॉक जगनेर महासचिव श्री प्रेम सिंह ब्लाक जगनेर सचिव प्रवीण कुमार ब्लॉक अध्यक्ष जगनेर बृजेश दुबे प्रमोद शर्मा कुरेशी जमील कार्यकर्ता जगनेर खेरागढ़ नगर अध्यक्ष होतम सिंह चौहान अमित कुमार तौमर ओम प्रकाश सिंह सिकरवार आगरा से मुन्ना मिश्रा वासुदेव प्रसाद खेरागढ़ से मुरारीलाल मथुरा प्रसाद शर्मा सतीश जगनेर से लक्ष्मण सिंह कांग्रेसी जमीनी कार्यकर्ता सिकरवार राजकुमार तोमर पंचम बघेल भागीरथ सिकरवार बद्री प्रसाद जाटव ब अन्न कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वार्ड में पानी की समस्या को लेकर दिया एसडीएम को ज्ञापन

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहद-वार्ड क्रमांक 02 निवासी नेतराम माझी ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग की के वार्ड क्रमांक दो में पुरानी पानी की पाइप लाईन डली हुई है जो आज दिनांक तक चालू नहीं की गई उसे चालू किया जाकर अस्थाई व्यवस्था के तौर पर पानी टैंकर से भेजा जाये जिसका स्थान भोलनजी मन्दिर की गली है।,भोलनजी मन्दिर वाली गली में सड़क पूर्ण रूप से खराब हो चुकी है लोगों को निकलने में परेशानियां होती है कीचड़ अधिक हो गया है उसका निर्माण कराया जाये। ,जब तक पानी की पाईप लाईन चालू नहीं होती तब तक रोज उक्त गली में पानी का टैंकर से सप्लाई की जाये उक्त समस्या का समाधान 10 दिनों अन्दर किया जाये अन्यथा प्रार्थी धरना प्रदर्शन करेगा जिसकी समस्त जवाबदेही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की होगी। उक्त समस्या का समाधान समय सीमा में जाय।

### किसान महापंचायत कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध किया संघर्ष का एलान

**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

आज दिनांक 09.08.2021 को अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक सारे दिन हुई वर्षा के वाद भी कार्यकर्ताओं की दृण इच्छा शक्ति की वजह से श्री बालाजी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल बाईपास रोड कासगंज मैं संपन्न हुई उक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश के अधिकांश विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी किसान मजदूरों की खुलेआम लूट कर रहे हैं जिस वजह से आम आदमी बर्बाद हो रहा है इसे किसी भी हालात में बर्दास्त नहीं किया जाएगा 02 सितंबर को जनपद फिरोजाबाद एवं 04 अक्तूबर को जनपद कासगंज मैं किसान महापंचायत का आयोजन कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष का मजबूती के साथ एलान किया एवं उक्त महापंचायत को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए ऊर्जावान क्रांतिकारी साथियों को संगठन के साथ जोडकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध छिडी जंग को मजबूत करने के निर्देश दिये पारदर्शिता के साथ ईमानदार, सामाजिक लोगों को संगठन में प्रमुख पदों पर नियुक्त करने के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से :- अखिल संघर्षी राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुरेन्द्र सास्त्री राष्ट्रीय महासचिव, कु0 नीरज सिंह प्रदेश सचिव, आशीष गांधी जिलाप्रभारी कासगंज, दुर्बेश यादव, जितेंद्र सक्सेना ,पप्पू भगत ,राहुल सक्सेना ,पप्पू राघव, सुरेंद्र सिसोदिया, राहुल नायक, गुड्डू यादव ,अनिल बघेल, सियाराम सिंह, अवनीश कुमार शिवकुमार सहित आदि किसान, नौजवान मौजूद रहे।

## हर खुशी के मोके पर वृक्षारोपण किया जाए: थाना प्रभारी रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली गुड़ा एंडला थाना प्रभारी रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित के सानिध्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया। खोड पुलिस चौकी परिसर में वृक्षारोपण कर सुरक्षा और देखभाल का लोगो को जिम्मा दिया द्य थाना प्रभारी राजपुरोहित ने कहा कि पौराणिक काल से वृक्ष को देव स्वरूप मानकर पूजा करते आए हैं। साथ ही प्राणवायु पेड़ों से ही मिलती इसलिए इनका परिवार के सदस्य के समान संरक्षण करना चाहिए द्य उन्होंने कहा कि पेड़ पर्यावरण के रक्षक ही नहीं बल्कि बच्चों व युवाओं के पेड़ पौधों के निकट रहने से दिमागी विकास भी बेहतर होता है साथ ही परिवार में हर खुशी के मौके पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर साल संभाल करने का संकल्प लेना चाहिए द्य कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में ऑक्सीजन लेवल गिर जाता है तथा कोरोना काल में हमें पेड़ पौधों का महत्व समझ में आया है ।वृक्ष प्रकृति के अनमोल उपहार है ।इस अनमोल उपहार को सुरक्षित रखने के लिए सभी के प्रयासों की आवश्यकता है द्य पर्यावरण संतुलन व पर्यावरण प्रदूषण से निपटने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है द्य और वृक्षों का वर्णन तो हम नहीं कर सकते लेकिन वृक्षों को हम लगा सकते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को संकल्प के साथ प्रतिवर्ष एक वृक्ष लगाया जाए।



इस मौके पर गुड़ा एंडला थाना प्रभारी रविंद्र पाल सिंह राजपुरोहित। खोड चौकी प्रभारी चोथाराम नागोरा। भामाशाह गौतम चंद जैन । प्रेम राज मेहता असल राज मेहता ।अजीत लोड़ा।

भाजपा पाली जिला प्रतिनिधि मुकेश सिरवी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ पूर्व सचिव नारायण सिंह सेवड राजपुरोहित चाचोडी। नारायण लाल रावल। सुरेश मीणा ।किरण सिंह चौहान। पेमाराम मीणा कॉन्स्टेबल रमेश कुमार बालोटिया। कॉन्स्टेबल चंद्रशेखर। एजाज खा पादरली। समाराम चौधरी। आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के आरोपी सास व ससुर नयागांव पुलिस ने दबोचा

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा - एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में थाना नयागांव पुलिस द्वारा दहेज हत्या की घटना में वांछित चल रहे आरोपी सास व ससुर को गिरफ्तार किया गया । घटना दिनाँक 21 जून 2021 को वादी श्री ग्रीशचन्द्र पुत्र कालिका सिंह निवासी ग्राम मोहल्ला कछियाना लिंजीगंज थाना मऊदरबाजा जिला फर्रुखाबाद द्वारा थाना नयागांव पर इस आशय की सूचना दी गयी कि वादी ने अपनी पुत्री आकांक्षा की शादी अजय कुमार पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बन्दनगर थाना नयागांव एटा के साथ की थी, दिनांक 21 जून 2021 को अतिरिक्त दहेज की मांग के चलते उसके ससुरालीजनों द्वारा उसकी हत्या कर दी है। इस सूचना पर थाना नयागांव पर मुअसं- 93/2021 धारा 498/304क्क भादंवि व ङ द.प्र.अधि. पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए घटना में फरार



चल रहे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष नयागांव को निर्देशित किया गया। दिनांक 9 अगस्त 2021 को थाना नयागांव पुलिस द्वारा उक्त घटना में फरार चल रहे आरोपी सास श्रीमती रामा देवी व ससुर रामविलास को करणपुर चौराहे के पास से समय करीब 9.05 बजे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त रामविलास पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम बन्दनगर थाना नयागांव जनपद एटा श्रीमती रामा देवी पत्नी रामविलास निवासी ग्राम बंद नगर थाना गांव एटा ।

## मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने अधिकारियों के साथ बैठक की

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया ने जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में बाढ़ प्रभावित ग्रामों एवं आपदा से प्रभावित परिवारों के संबंध विभिन्न निर्देश दिए।



इस दौरान कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस एवं एसपी मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे। मंत्री डॉ भदौरिया ने कहा की विद्युत लाइन और ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द दुरुस्त कर विद्युत सप्लाई बहाल करने पर विशेष बल दिया, हर बाढ़ प्रभावित गाँव में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा स्वास्थ्य शिविर लगा कर बाढ़ प्रभावित परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सक व पैरा मेडीकल स्टाफ़ आवश्यक दवाओं का वितरण करें। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित सड़कों को भी दुरुस्त करने निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित ग्रामों में मलेरिया दवा स्प्रे कराने, हैंडपंपों का क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को खाद्यान वितरण पर भी विशेष ध्यान देकर शीघ्र वितरण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बाढ़ से हुए फसलों सहित अन्य नुकसान के सर्वे का काम युद्ध स्तर पर पूरा करें, जिससे प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत दी जा सके।

## 'मेहगांव विधानसभा के बाढ़ पीड़ित इलाकों में भाजपा अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने किया भ्रमण'

**नीरज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

(पीड़ित परिवारों के बीच भोजन के पैकेटों का किया जा रहा है लगातार वितरण)

भिण्ड(ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर मेहगांव विधानसभ कछपुरा में पहुंच कर आपदा से भारी वर्षा होने के कारण क्षेत्र के अधिकांश गांव बाढ़ के बढ़ते जल स्तर से चिंतित हुए उन्होंने सब काम छोड़ कर पीड़ित परिवारों के लिए दिन-रात एककर सेवा भाव से राहत कार्यों में पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रशासन के अधिकारियों के साथ लगातार उनके बीच रहकर कार्य कर रहे हैं ताकि किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो और शिवराज सरकार की बाढ़ पीड़ित योजनाओं को पहुंचाने का मोर्चा भी उन्होंने क्षेत्र में जुटे हुए हैं 7

भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि जन सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता है क्षेत्र की जनता ने मुझे सेवा करने के लिए अवसर दिया है, मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर राहत कार्यों में लगे हुए हैं और उन्हें सुरक्षित निकालकर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है ताकि उन्हें कोई कठिनाइयां ना हो और उनके ठहरने भोजन वस्त्र



पेयजल आदि खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति ऐसा ना रहे जो भूखा रह जाए, मध्य प्रदेश सरकार उनके साथ है 7 मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हवाई सर्वेक्षण के माध्यम से भी बाढ़ इलाकों का जायजा ले रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारियों को भी स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया है कि पीड़ित परिवारों के लिए भरपूर व्यवस्था की जाए द्य आपदा की घड़ी में कांग्रेस के नेता जनसेवा की बजाय राजनीति कर रही है, यही उनकी ओछी मानसिकता है 7

पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि मेहगांव क्षेत्र के अमायन रोन मेहगांव सिंध नदी के किनारे बस एक ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते हुए जल स्तर के कारण लोग को बाहर निकाला जा रहा है कुछ लोग फंसे हैं उनको भी निकाल कर पार्टी के कार्यकर्ता निर्धारित स्थानों पर दोनों समय का भोजन बनवाने का कार्य युद्ध स्तर पर कर रहे हैं और उनके बीच नाव में बैठकर भी ग्रामीण क्षेत्रों में भोजन के पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं 7

उन्होंने लगातार हर गांव का दौरा करते हुए ग्रामीण जनों को भरोसा दिलाया कि आपने मुझे सेवा भाव की जिम्मेदारी दी है किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयां नहीं होगी मैं बराबर क्षेत्र के जल स्तर पर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संपर्क में हूं, आप सभी धैर्य बनाए रखेंद्य

भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के भारौली खुर्द मैं सामग्री भोजन वितरण एवं पीड़ित परिवार जनों के घरों में नुकसान का ठीक तरह से सर्वे कराने के लिए मौका स्थल पर एसडीएम से चर्चा की और उन्होंने तत्काल राहत कार्य कराने के लिए कहा।

## श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम परिसर में रविवार को गौभक्त पुखराज महाराज की अध्यक्षता में पौधारोपण कर पर्यावरण प्रेम को साकार किया

**नारायल लाल ब्यूरो, पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूर:- श्री मातेश्वरी भक्त मंडल ट्रस्ट (कर्नाटक)की ओर से गौसेवा आश्रम होसूर बण्डें गौशाला में हरीयाली अमावस्या पर पुखराज महाराज की ओर से गोशाला परिसर मे जम्बु कश्मीर रिलेटेड 35 तरह के 370 पौधे लगाए गए इस अवसर पर पूर्व मंत्री अरविंद लिम्बावली ने पौधा लगाया व गौमाता को भोजन खिलाया । और इस कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के ऐसे पेड़ पौधे जनऔषधि जैसे नीम गिलोय,पीपल अमरूद,व फलदार पौधे लगाए । व इस अवसर पर स्वामी पुखराज महाराज ने बताया कि विश्व के सामने ग्लोबल वार्मिंग की बड़ी चुनौती हैं। जब प्रकृति के खिलाफ हम जाते हैं। तब यह स्थिति होती हैं। ।प्रकृति को हरा भरा रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सघन पौधारोपण करने की जरूरत है। कोराना महामारी तीसरी लहर के दौरान औषधीय पौधों से इस विकट विनाशकारी महामारी से लड़ने के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु लोगों ने



खूब जतन किए थे। इसी को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा घर-घर औषधीय पौधे देने की योजना शुरू की गई हैं। साथ ही तुलसी सहित अन्य औषधीय पौधों का धार्मिक व पारंपरिक महत्व भी बताया गया। और पर्यावरण के प्रति आमजन को जागरूक करना होगा। कोराना ने आमजन को यह भी संदेश दिया है कि पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता का दुसरी लहर में यह भी पता लगा कि ऑक्सीजन का कितना महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ उनकी साख संभाल करने के जिम्मेदारी लेने की बात कही। स्वामी पुखराज महाराज ने कहा प्रकृति को खतरे से बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी होना बताया। स्वामी पुखराज महाराज ने शुद्ध वायु मंडल के लिए हम सभी को मिलकर गांव को हरा-भरा करने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के बारे में कहा। इस अवसर पर भामाशाह व श्री मातेश्वरी भक्त मंडल ट्रस्ट के सदस्य व कनूर ग्राम पंचायत के सदस्य आदि कई जने मौजूद रहे।

## समाज सेवी महेन्द्र सिह राजपुरोहित ने सरकारी कॉलेज में 30 कम्प्यूटर देने का निर्णय लिया

**पुष्पाजंली टुडे**

मंड्या:- बन्नूर रोटरी क्लब की और से बैठक शुक्रवार रात को रंग संमुद्रा गांव के एक भवन में रखी गई।



बैठक में टी नरसीपुरा टाऊन मलियूर चामराजनगर टाऊन व कोलेगाला सरकारी कॉलेज में 95 कम्प्यूटर देना का निर्णय लिया गया जिसमे क्लब के प्रत्येक सदस्य ने एक कंप्यूटर देना का निर्णय लिया। क्लब के पुर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने 30 कम्प्यूटर देने का निर्णय लिया क्लब की और राजपुरोहित का सम्मान किया गया इसके अलावा बैठक में क्लब की और से बारिश के दिनो में पौधरोपण करना क्लब की और कोरोना काल में पुलिस स्टेशन सरकारी अस्पताल ग्राम पंचायत भवन लगाएं ऑटोमेटिक सैनिटाइजर मशीन को ठीक करवाकर वापच लगवाने को कहा। क्लब के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपुरोहित को टी नरसीपुरा तहसील में पल्स पोलियो शिविर आयोजित की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी भी सौपी गई। क्लब के अध्यक्ष वासुदेव ने सबका स्वागत कर क्लब के सदस्यों निष्ठापूर्वक कार्य करने व क्लब में सहयोग करने कहा। बैठक में क्लब के कार्यदरशी राजेंद्रा, क्लब सदस्य बी एन सुरेश, बी एस योगेन्द्रा, पार्थ सारथी, वेंकटेश प्रसाद, राजीव गौडा,जयराम गौडा, डॉ.राजीव, वेंकटेश, बाबु गौड़ा,नजुंड स्वामी, शिवराज मौजूद थे।

## वन-टू-वन

### रॉक्सीपुल से छप्परवाला पुल रोड पर बाधित अतिक्रमण हटाया

**ग्वालियर।** सुगम यातायात एवं आमजनों की सुविधा के लिए नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा विभिन्न स्थानों से रोड में बाधक अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया तथा दुकानदारों को रोड पर सामान न रखने की चेतावनी दी गई। मदाखलत अधिकारी दक्षिण सतेन्द्र सिंह भदौरिया के निर्देशन में रॉक्सीपुल से छप्परवाला तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान रॉक्सी पुल से छप्परवाला पुल तक लश्कर ग्वालियर पर रोड पर खड़े हाथ ठेले, स्टैंड बोर्ड, कुर्सी, टेबल सहित अन्य सामान एवम अन्य अस्थाई अतिक्रमण' को हटवाया गया। कार्यवाही के दौरान मदाखलत निरीक्षक श्रीकांत सेन सहित अन्य अमला मौजूद रहा। इसके साथ ही मुरार पुल पर पीएचई अधिकारियों के साथ मदाखलत अमले द्वार अवैध नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई।

### मुख्य सडकों के डिवायडरों एवं पार्को में लगाए पौधे

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर द्वारा ग्रीन ग्वालियर के लिए चलाए जा रहे अंकुर अभियान के तहत सोमवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण अभियान चलाया गया जिसमें शहर के विभिन्न डिवायडरों एवं पार्कों में पौधे रोपे गए। जिसमें पार्क निरीक्षक राजकुमार सिंह राजावत द्वारा ग्वालियर विधानसभा में गदाईपुरा रोड स्थित डिवाइडर पर 200 पौधे लगवाये गए। इसके साथ ही पार्क पर्यवेक्षक दिनेश कुशवाह एवं सहायक पर्यवेक्षक राजकुमार नागर द्वारा पटेल नगर डिवायडर पर 70 पौधे लगाए गए। इसके साथ ही अन्य कई स्थानों व पार्कों में पौधारोपण किया गया।

### ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी, जीआरपी ने लुटेरा दबोचा

**ग्वालियर।** अहमदाबाद एक्सप्रेस में पति के साथ आ रही एक महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया। पर्स में नगदी तथा मोबाइल था। वहीं जीआरपी ने आगरा एंड के पास से एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक महिला से लूटा हुआ मोबाइल भी बरामद किया है ।जानकारी के अनुसार यूपी के मैनपुरी निवासी अरूणेश कुमार अहमदाबाद में नौकरी करते हैं। बीते रोज वह अपनी पत्नी के साथ फेरा करने के लिए अहमदाबाद एक्सप्रेस से आ रहे थे। तभी आगरा स्टेशन पर वह चाय देने के लिए उतरे उसी समय कोई अज्ञात चोर उनकी पत्नी का मोबाइल और पर्स चोरी कर ले गया। पर्स में रुपए तथा अन्य सामान था। जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं ग्वालियर स्टेशन पर जीआरपी ने आगरा एंड के पास हरिओम किरार नामक एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि वह 2 माह पहले ही जेल से छूटा था और उसने एक महिला यात्री का 6 अगस्त को सदन एक्सप्रेस में मोबाइल लूटा था। जीआरपी ने आरोपी के पास से मोबाइल बरामद कर लिया है ।आरोपी ने लूट की वारदात को अंजाम वकील की फीस चुकाने के लिए दिया था ।जीआरपी ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### भाई को पीटा बहन को चाकू

**ग्वालियर।** अदालत मैं चल रहे मामले में राजीनामा करने से मना करने पर आरोपी ने एक युवक की मारपीट की जब उसकी बहन बचाने आई तो उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हजीरा थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर निवासी रामू सिकरवार बीते रोज अपनी बहन के साथ आ रहे थे। तभी रास्ते में उन्हें राजेंद्र शर्मा मिला। उसने अदालत में चल रहे मामले में राजीनामा करने के लिए रामू सिकरवार से कहा। जब रामू ने मना किया तो आरोपी ने रामू की मारपीट कर दी। जबरामू की बहन बचाने आई तो राजेंद्र ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। और भाग गया ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# तीन दिन में सभी प्रभावित गांवों में राहत के रूप में खाद्यान और राशि उपलब्ध कराई जाए: संभाग आयुक्त

### प्रभावित गावों में चौपाल का आयोजन कर राहत का कराया जाये सत्यापन

### गूगल मीठ के माध्यम से समीक्षा के दौरान संभाग आयुक्त सक्सैना ने दिये निर्देश



**ग्वालियर।** संभागीय आयुक्त आशीष सक्सैना ने कहा है कि अतिवर्षा के कारण ग्वालियर चंबल संभाग के जिन जिलों में लोग प्रभावित हुए हैं। उन सभी गांव में तीन दिन के अंदर सहायता पंहुचाने का कार्य किया जाए। प्रभावितों को 50 किलो अनाज, 5 लीटर कैरोसिन तथा जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 6-6 हजार रूपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। संभागीय आयुक्त सक्सैना ने सोमवार को गूगलमीट के माध्यम से ग्वालियर चम्बल संभाग के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश दिये हैं। संभागीय आयुक्त ने कहा है कि दोनो संभागों के सभी जिलों में प्रभावित सभी ग्रामों में लोगो को सहायता उपलब्ध कराने के बाद, सत्यापन के लिए प्रत्येक गांव में चौपाल का आयोजन किया जाए, जिसमें पंचायत स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया जाए। चौपाल में जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहें। जिन प्रभावितों को सहायता राशि और खाद्यान उपलब्ध कराया गया हैं। उसकी सूची का भी वाचन किया जाए। चौपाल में अगर कोई व्यक्ति सहायता राशि से वंचित रह गया है अथवा किसी गलत व्यक्ति को सहायता उपलब्ध कराई गई है, तो उसकी जानकारी भी संकलित की जाए।

संभागीय आयुक्त सक्सैना ने यह भी कहा है कि प्रभावित गांवों में 50 किलो गेंहू उपलब्ध कराने के स्थान पर अगर आटा उपलब्ध कराया जाए तो और अच्छा होगा इसके लिए सभी जिलों में वरिष्ठ अधिकारी ऐसी व्यवस्था जमाएं। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि प्रभावित गांवो में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए भी प्रभावी कार्यवाही की जाए। प्रभावित सभी गांवों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर प्रभावित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और दवाओं के वितरण का कार्य स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जाए। इन्ही गांवों में फोलोअप स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित करने का कार्यक्रम तैयार किया जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान कहा गया कि सभी प्रभावित गांवों में विद्युत की आपुर्ति बहाल करने के लिए तेजी से कार्य किया जाए। संभागीय आयुक्त आशीष सक्सैना ने सभी सीईओ जिलापंचायत को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिले के प्रभावित गावों में हुए नुकसान का आकलन भी तेजी से करायें। जो मकान छतिग्रस्त हुए हैं, उसकी सूची तैयार की जाए। इसके साथ ही पुल, पुलिया, सड़क, तालाब आदि को नुकसान हुआ है उसकी भी सूची तैयार की जाए। प्रभावित गावों में सर्वेक्षण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से कराया जाए।

**सहकारिता मंत्री भदौरिया भी हुए बैठक में शामिल:** संभागीय आयुक्त सक्सैना द्वार गूगलमीट के माध्यम से की जा रही समीक्षा बैठक के दौरान भिण्ड जिले से प्रदेश के सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया भी शामिल हुए। ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उन्होने मोबाइल के माध्यम से संभागीय आयुक्त से चर्चा की।

### लिंक ओपन करते ही 39 हजार खाते से निकले

**ग्वालियर।** एक युवक को 500 रूपए इनाम का लालच देकर ठगों ने उसके खाते से 39000 की रकम पार कर दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुरार थाना क्षेत्र के बंसी पुरा निवासी धर्मेंद्र सिंह प्राइवेट नौकरी करते हैं। बीते रोज उनके मोबाइल पर एक फोन आया और फोन कर लेने वाले ने बताया कि उनका ?500 का इनाम निकला है। वह मोबाइल पर चेक कर लें ।उन्होंने मोबाइल का मैसेज देखा तो उसमें ?500 का मैसेज था। फोन करने वाले ने बताया कि वह एक लिंक भेज रहा है जिसे वह ओपन करेंगे तो उनके खाते में रकम आ जाएगी। मोबाइल पर लिंक आते ही धर्मेंद्र ने जैसे ही लिंक ओपन की तो पता चला उनके खाते से 38999 निकल गए। जब उन्होंने उस नंबर पर वापस फोन किया तो युवक ने कहा कि वह दूसरी लिंक भेज रहा है ।लेकिन धर्मेंद्र को लगा कि वह

### एलएनआईपीई और मदन महाराज फुटबॉल क्लब भोपाल के बीच हुआ एमओयू



**ग्वालियर।** एलएनआईपीई और मदन महाराज फुटबॉल क्लब भोपाल के बीच हुआ एमओयू किया गया। इसके अंतर्गत सेकण्ड डिविजन आई लीग में टीम पार्टीसिपेट करेंगी। एलएनआईपीई की ओर से कुलपति प्रो. एस. मुखर्जी एवं कुलसचिव प्रो. ए.एस. साजवान एवं मदन महाराज फुटबॉल क्लब, भोपाल की ओर से राकेश शर्मा सचिव डीएफए भोपाल एवं संयुक्त सचिव एमपीएफए अनिल सिंह तनर क्लब के सचिव आई एस एफ रैफरी मि. असीम कुमार राय टैक्नीकल डायरेक्टर, रिजवान उर रहमान टैजरार मि. सुब्रतो झा डायरेक्टर मदन महाराज फुटबॉल क्लब, भोपाल। प्रो. विवेक पाण्डे, प्रो. के.के. साहू, प्रो. जोसेफ सिंह, डॉ दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहें।

### अम्बूजा सीमेन्ट फाउण्डेशन द्वारा नाबार्ड द्वारा वित पोषित आदीवासी विकास फण्ड के तहत विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया

पुष्पांजली टुडे

पाली। बाली ब्लाक के ग्राम पंचायत लुण्दाडा नाबार्ड एवं आयोजन संस्थान के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विनोद दाधीच डीडीएम नाबार्ड पाली ने की । समारोह में नितिन अनेजा मेनेजर ग्रामीण बैंक चामुण्डेरी देवाराम सिसोदिया प्रधानाचार्य लुण्दाडा सरंपच जवाराराम लुण्दाडा एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । इस समारोह में ग्राम मालून लुण्दाडा लापुरा मालधर एंव आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों आदीवासी भाई एंव बहनों ने भाग लिया ।

सहारोह में डीडीएम पाली द्वारा नाबार्ड द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा ग्रामीण बैंक द्वारा आदीवासी परिवारों को केसीसी जीवनबीमा तथा बैंकों की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की । अम्बूजा सीमेन्ट फाउण्डेशन से मुकेश जैन परियोजना समन्वयक ने सभी आदीवासी परिवारों को नाबार्ड द्वारा संचालित परियोजना के बारें में विस्तार से जानकारी दी ।

समारोह में नई बाडी किसानों को गेती फावडा तगारी एंव निम्नश्रेणी परिवारों को आजीविका हेतु 5000 रू की राशि के चैक डीडीएम पाली द्वारा वितरित किये गये जिससे की गरीब एंव भूमिहीन किसानो को स्वरोजगार हेतु मदद मिल सके । डीडीएम महोदय द्वारा नई बाडी परियोजना में फलदार पोधों का वृक्षारोपड किया गया ।

### आम सूचना

मैं संदीप प्रधान आप सभी को सूचित करना चाहता हूं कि मेरा ड्राइविंग लाइसेंस 2007 में झांसी से बना हुआ था वह भी हैवी है और मैंने उसकी झांसी से एनओसी दतिया आरटीओ के लिए निकलवाली है और मैं और मेरे लाइसेंस में गलती से मेरा सरनेम संदीप प्रधान की जगह शर्मा हो गया था मैं उसको ठीक कराना चाहता हूं सभी सभी दस्तावेजो में प्रधान लिखा है।

अतः मेरा सरनेम प्रधान ही है और अपने लाइसेंस में भी प्रधान ही करवाना चाहता हूं।

















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478